इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 | अंक - 220 | राजनांदगांव, शनिवार 28 जून 2025 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# कोलकाता के लॉ कालेज में छात्रा से गैंगरेप : पीड़िता बोली- आरोपियों के पैर पकड़कर गिड़गिड़ाई, 3 गिरफ्तार

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के लॉ कॉलेज की छात्रा के साथ कॉलेज कैम्पस में हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार, 27 जून को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया है, जहां से अदालत ने 10 जुलाई 2025 तक पुलिस कस्टडी में भेजने का आदेश दिया है।

सामूहिक दुष्कर्म की यह घटना 25 जून की शाम को हुई थी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने पीड़िता को कॉलेज परिसर स्थित कमरे में ले जाकर लगभग डेढ़ घंटे सामूहिक दुष्कर्म किया। छात्र संघ कार्यालय के पास ग्राउंड फ्लोर में स्थित इस कमरे में गार्ड रहता था।

### ये आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने इस वारदात में शामिल कॉलेज के पूर्व छात्र मोनोजित मिश्रा (31), वर्तमान जैब अहमद (19) और प्रमित मुखर्जी (20) सहित एक अन्य आरोपी को अरेस्ट किया है। शुक्रवार सुबह सभी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से 14 दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया है।



बीजेपी बोली-टीएमसी से जुड़े आरोपियों के तार

### दुष्कर्म के बाद वीडियो वायरल करने की धमकी

भाजपा नेता अमित मालवीय ने दावा किया कि मुख्य मुख्य आरोपी मोनोजीत मिश्रा तृणमूल कांग्रेस से संबंधित है। सत्तपक्ष से जुड़े होने के कारण पुलिस उनका बचाव कर रही है। हालांकि, पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके मोबाइल फोन जब्त कर लिए हैं। पीड़िता का कहना है कि दुष्कर्म के दौरान इन्होंने वीडियो रिकॉर्डिंग भी की है। वायरल करने की धमकी दी गई।

### छात्रा ने पुलिस को सुनाई आपबीती

पीड़ित छात्रा ने पुलिस को बताया कि तीनों आरोपियों ने उसके साथ यौन संबंध बनाए हैं। मैं रोती रही, उनके पैर छुए, लेकिन उनका दिल नहीं पसीजा। आरोपी मुझे जबरन खींचकर गार्ड रूम ले गए। विरोध करने पर ब्लैकमेल करने और दोस्त व मेरे पैरेंट्स को मारने की धमकी देने लगे।

पीड़िता के मुताबिक, आरोपियों ने दुष्कर्म के दौरान मेरा वीडियो बनाया और धमकाने लगे कि मैंने सहयोग नहीं किया तो वीडियो वायरल कर देंगे। छात्रा ने कमरे से भागने लगी तो आरोपियों ने उसे हॉकी स्टिक से मारने की कोशिश की। गेट बंद कर लिया और कमरे में ले गए। इस दौरान गार्ड असहाय था। उसने भी मदद नहीं की। छात्रा ने आरोपियों को बताया कि वह रिलेशनशिप में है और अपने बॉयफ्रेंड से प्यार करती है, लेकिन आरोपी उसे ही मारने की धमकी देने लगे। इस दौरान उसे घबराहट हुई। सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। अस्पताल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पुरी जगन्नाथ यात्रा : भारी भीड़ में फंसने से 600 श्रद्धालु घायल, मोड़ पर अटक गया था भगवान बलभद्र का रथ

पुरी। ओडिशा के पुरी में महाप्रभु जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की रथ यात्रा उत्सव के दौरान भारी भीड़ उमड़ने के कारण 600 से अधिक श्रद्धालुओं को चोटों और स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा. इस कारण रथ यात्रा में काफी देरी हुई, खास तौर पर भगवान बलभद्र के तलध्वज रथ को खींचने में, जिससे अव्यवस्था फैल गई. रथ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाले एक मोड़ पर रथ को खींचने में काफी कठिनाई हुई, जिसके कारण जुलूस की गति धीमी हो गई. रथ के रुकने से मौके पर काफी ज्यादा तादाद में श्रद्धालुओं की भीड़ जमा हो गई.



बड़ी संख्या में लोग प्रतिबंधित क्षेत्र में घुस गए, जिससे रथों की सुचारू आवाजाही में और बाधा उत्पन्न हुई. सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, उम्मीद से कहीं ज्यादा भीड़ उमड़ी, जिसको मैनेज करने में काफी चुनौतियां आई. इस अव्यवस्था के कारण बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को चिकित्सा सहायता की जरूरत पड़ी, जिनमें से 600 से ज्यादा लोगों का पुरी मेडिकल कॉलेज में इलाज किया गया. रथ खींचने के दौरान ये घटनाएं पूरे रथ यात्रा मार्ग पर हुई. गनीमत रही कि भगदड़ की स्थिति नहीं बनी और किसी की जान नहीं गई. जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के बेहोश होने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए ओडिशा के मंत्री मुकेश महालिंग ने कहा कि ये घटनाएं संभवतः बहुत अधिक गर्मी और उमस के कारण हुई हैं. उन्होंने कहा, मौसम की स्थिति के कारण एक या दो श्रद्धालु बेहोश हो गए, लेकिन बचाव दल ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और उन्हें अस्पताल पहुंचाया. मुकेश महालिंग ने कहा कि मंदिर के पास प्राइमरी हेल्थ सेंटर स्थापित किए गए हैं और उन्होंने आश्वासन दिया कि पानी और ग्लूकोज की व्यवस्था की गई है. उन्होंने कहा, मैं व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करने के लिए भी यहां आया हूं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# महाप्रभु हमारे लिए अराध्य भी हैं, प्रेरणा भी हैं, जगन्नाथ हैं, तो जीवन है : पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा शुरू होने पर बधाई दी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए उन्होंने देशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य और समृद्धि की मंगलकामना की। पीएम मोदी ने कहा, भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के पवित्र अवसर पर सभी देशवासियों को मेरी ढेरों शुभकामनाएं। श्रद्धा और भक्ति का यह पावन उत्सव हर किसी के जीवन में सुख, समृद्धि, सौभाग्य और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए, यही कामना है। जय जगन्नाथ!



प्रधानमंत्री ने बधाई संदेश के अलावा अपने पोस्ट के साथ एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें वो भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के बारे में बता रहे हैं। वीडियो संदेश में कहा गया, महाप्रभु हमारे लिए अराध्य भी हैं, प्रेरणा भी हैं। जगन्नाथ हैं, तो जीवन है। भगवान जगन्नाथ जनता जनार्दन को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण के लिए जा रहे हैं। इसके अलावा, प्रधानमंत्री आगे वीडियो में रथयात्रा की खूबियों के बारे में भी बताते हैं। कहते हैं कि रथयात्रा की पूरी दुनिया में एक विशिष्ट पहचान है। देश के अलग-अलग राज्यों में बहुत-बहुत धूमधाम से रथयात्रा निकाली जा रही है। ओडिशा के पुरी में निकाली जा रही रथयात्रा अपने आप में अद्भुत है। प्रधानमंत्री वीडियो में कहते हैं कि इन रथ यात्राओं में जिस तरह से हर वर्ग, हर समाज के लोग उमड़ते हैं, वो अपने आप में बहुत अनुकरणीय है। यह आस्था के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी प्रतिबिंब है। इस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राहुल गांधी ने संघ और भाजपा पर साधा निशाना, होसबोले के बयान पर कहा- आरएसएस का नकाब फिर से उतर गया

नई दिल्ली। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले की तरफ से संविधान की प्रस्तावना में शामिल समाजवादी और पंथनिरपेक्ष शब्दों को हटाने की मांग पर राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस समेत तमाम दलों के नेताओं ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। वहीं अब कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संघ और भाजपा पर हमला बोला है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- आरएसएस का नकाब फिर से उतर गया। संविधान इन्हें चुभता है क्योंकि वो समानता, धर्मनिरपेक्षता और न्याय की बात करता है।



उन्होंने आरएसएस-भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनको संविधान नहीं, मनुस्मृति चाहिए। ये बहुजनों और गरीबों से उनके अधिकार छीनकर उन्हें दोबारा गुलाम बनाना चाहते हैं। संविधान जैसा ताकतवर हथियार उनसे छीनना इनका असली एजेंडा है। राहुल गांधी ने आगे चेतावनी देते हुए कहा- आरएसएस ये सपना देखना बंद करे - हम उन्हें कभी सफल नहीं होने देंगे। हर देशभक्त भारतीय आखिरी दम तक संविधान की रक्षा करेगा।

आपातकाल के 50 साल पूरे होने को लेकर भाजपा देशभर में संविधान हत्या दिवस मना रही है। वहीं राष्ट्रीय स्व्यंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने संविधान की प्रस्तावना में किए गए बदलावों को निरस्त करने के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी से माफी मांगने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना में समाजवाद और पंथनिरपेक्ष शब्द आपातकाल के दौरान ही जोड़े गए थे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि आरएसएस ने संविधान को कभी स्वीकार नहीं किया। आरएसएस की यह मांग बाबा साहब आंबेडकर के न्यायपूर्ण, समावेशी और लोकतांत्रिक भारत के दृष्टिकोण (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# इंडियन ओवरसीज बैंक लोन घोटाला: रायपुर के विशेष कोर्ट में पेश किया 2000 पन्नों का चालान

रायपुर। इंडियन ओवरसीज बैंक लोन घोटाला मामले में ईओडब्लू और एसीबी ने विशेष कोर्ट में पेश चालान किया। जेल में बंद चार आरोपियों के खिलाफ दो हजार पन्नों का चालान प्रस्तुत किया गया है। जिसमें अंकिता पाणिग्रही, योगेश पटेल ,सुनील कुमार और खेमनलाल कंवर के नाम शामिल है। यह पूरा मामला एक करोड़ 65 लाख रुपये के घोटाला से जुड़ा हुआ है।



ईओडब्लू और एसीबी कर रही मामले की जांच

दरअसल, इंडियन ओवरसीज बैंक के अधिकारियों/कर्मचारियों ने मिलकर आपसी सहमति से कुटरचित कर दिया था। जिसके बाद सभी ने दिसम्बर 2022 से फरवरी 2023 तक इंडियन ओवरसीज बैंक शाखा राजिम में 17 खाताधारकों के नाम से बिना अनुमति के फार्म व्हाउचर भरे। साथ ही बिना उनकी सहमति के अवैधानिक रूप से फर्जी तरीके से कूटरचना कर कम्प्यूटर सिस्टम से फर्जी ज्वेल लोन तैयार किया।

### करोड़ों रुपये का हुआ था घोटाला

बैंक के अधिकारियों / कर्मचारियों ने मिलकर खाताधारकों के एक करोड़ 65 लाख 44 हजार रूपये का गबन कर लिया था। इस दौरान बैंक को भी आर्थिक रूप से भारी नुकसान पहुंचा था। जिसके बाद अब यह मामला ईओडब्लूऔर एसीबी के संज्ञान में आया। वहीं अब घोटाला मामले में ईओडब्लूऔर एसीबी ने शुक्रवार को रायपुर कोर्ट में लगभग 2 हजार पेज का अभियोग पत्र प्रस्तुत किया है।




# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी समकक्ष से की मुलाकात, एस 400 की डिलीवरी को लेकर की बात

किंगदाओ। चीन के किंगदाओ में हो रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने रूसी समकक्ष आंद्रेई बेलोसोव से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने एस-400 सिस्टम की डिलीवरी, एसयू-30 एमकेआई के अपग्रेड और समय-सीमा में सैन्य हार्डवेयर की खरीद को लेकर बात की।



रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों नेताओं ने वर्तमान भू-राजनीतिक स्थितियों, सीमा पार आतंकवाद और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को कवर करते हुए कई विषयों पर चर्चा की। रूसी रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव ने भारत-रूस के दीर्घकालिक संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने पहलगाम हमले को भयावह और कायराना आतंकवादी कृत्य बताते हुए भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह दोनों देशों के नेताओं के बीच हाल ही में हुई सबसे महत्वपूर्ण बैठकों में से एक थी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# रायपुर में निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्राः सीएम विष्णुदेव साय ने की छेरपहरा की रस्म

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज गायत्री नगर रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा महोत्सव में शामिल हुए। राज्यपाल डेका एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर 'छेरा-पहरा' की रस्म निभाई। राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी ने श्री जगन्नाथ जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की।



राज्यपाल डेका हुए शामिल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित रथ यात्रा में शामिल हुए। रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में विशेष विधि-विधान के साथ महाप्रभु जगन्नाथ जी की रथ यात्रा निकाली गई। रथ यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व भगवान की प्रतिमाओं को मंदिर से रथ तक लाया गया और मार्ग को सोने की झाड़ू से स्वच्छ किया गया। इस परंपरा को छेरापहरा कहा जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सभी प्रदेशवासियों को रथ यात्रा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है। श्री साय ने कहा कि भगवान जगन्नाथ किसानों के रक्षक हैं। उन्हीं की कृपा से वर्षा होती है, धान की बालियों में दूध भरता है और किसानों के घरों में समृद्धि आती है। मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि इस वर्ष भी छत्तीसगढ़ में भरपूर फसल हो। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा से मेरी विनती है कि वे हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमें शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की ओर अग्रसर करें। राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में पुरी की रथ यात्रा की तर्ज पर यह पुरानी परंपरा निभाई जाती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छेरापहरा की रस्म पूरी करते हुए सोने की झाड़ू से मार्ग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# सिंधु जल संधि को लेकर पाकिस्तान की मंशा पर फिरा पानी, भारत ने कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन को बताया अवैध

नई दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को 1960 की सिंधु जल संधि के तहत बने मध्यस्थता न्यायालय को अवैध बताया और उसकी अधिकारिता को सिरे से खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय ने जम्मू और कश्मीर में किशनगंगा और रैटल जलविद्युत परियोजनाओं पर सुनवाई करने के अधिकार का दावा करने वाले मध्यस्थता न्यायालय के सप्लीमेंटल अवॉर्ड को खारिज कर दिया। मंत्रालय ने यह भी कहा कि न्यायालय का गठन 1960 की सिंधु जल संधि का उल्लंघन करके किया गया था। मध्यस्थता न्यायालय द्वारा जारी सप्लीमेंटल विशेष रूप से इस बात पर एक निर्णय को संदर्भित करता है कि क्या न्यायाधिकरण के पास भारत की किशनगंगा और रैटल परियोजनाओं के बारे में मामले की सुनवाई करने का कानूनी अधिकार है। यह परियोजनाओं पर नहीं, बल्कि न्यायालय के अधिकार क्षेत्र पर है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने इस तथाकथित मध्यस्थता न्यायालय के अस्तित्व को कभी भी कानून में मान्यता नहीं दी है, और भारत का हमेशा से यह रुख रहा है कि इस तथाकथित मध्यस्थता निकाय का गठन स्वयं सिंधु जल संधि का एक गंभीर उल्लंघन है और परिणामस्वरूप इस मंच के समक्ष कोई भी कार्यवाही और इसके द्वारा लिया गया कोई भी निर्णय भी इस कारण से अवैध और स्वतः शून्य है। भारत इस कोर्ट को मानता ही नहीं है। पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले के बाद, सरकार ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने एक कड़े बयान में कहा कि संधि तब तक निलंबित रहेगी जब तक कि पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के लिए अपना समर्थन बंद नहीं कर देता। बयान में कहा गया है, जब तक संधि निलंबित है, तब तक भारत इसके तहत अपने किसी भी दायित्व को निभाने के लिए बाध्य नहीं है। जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं करता, तब तक भारत इस संधि के नियमों को मानने के लिए बाध्य नहीं है।



# छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं के साथ बढ़ेगा पर्यटन और व्यापार, साल 2030 तक दोगुना हो जाएगा रेलवे नेटवर्क

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को पूरा करने और छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को बूस्ट करने के लिए नई-नई रेल परियोजनाओं को मंजूरी मिल रही है। वर्ष 1853 से लेकर 2014 तक 161 साल में छत्तीसगढ़ में केवल 1100 रूट किलोमीटर रेल लाइन बिछाई गई थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में वर्ष 2014 से वर्ष 2030 तक प्रदेश में रेल नेटवर्क दोगुना बढ़कर 2200 रूट किलोमीटर हो जाएगा।

केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के बजट में छत्तीसगढ़ को 6925 करोड़ रूपए राशि आबंटित की गई है। वर्तमान में केन्द्र सरकार की मदद से छत्तीसगढ़ में 47 हजार करोड़ रूपए की लागत से रेल विकास परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है।



राज्य को दो नई वंदे भारत ट्रेन रायपुर-विशाखापटनम और रायपुर-नागपुर की सौगात मिली है। इसके अलावा राज्य सरकार ने मेट्रो ट्रेन के लिए सर्वे कराने का भी निर्णय लिया है। गौरतलब है कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ में बिलासपुर में जोनल कार्यालय को मंजूरी दी गई थी। छत्तीसगढ़ को नई और प्रगतिरत रेल परियोजना के पूर्ण होने से राज्य में रेल सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के साथ ही यहां पर्यटन, व्यापार, उद्योग के साथ-साथ रोजगार की संभावनाएं भी बढेंगी। इन रेल परियोजनाओं से सामाजिक-आर्थिक विकास को गति मिलेगी। छत्तीसगढ़ राज्य के 32 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत वर्ल्ड क्लास रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। ये स्टेशन आधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त, विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित बनाए जा रहे हैं। हाल में ही प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अमृत भारत रेल्वे स्टेशन योजना के तहत राज्य के 5 पुनर्विकसित अंबिकापुर, उरकुरा, भिलाई, भानुप्रतापपुर एवं डोंगरढ़ स्टेशनों का लोकार्पण किया गया है। अमृत भारत रेल्वे स्टेशन योजना में लगभग 1680 करोड़ रूपए की लागत से 32 रेल्वे स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जिनमें तीन प्रमुख स्टेशनों बिलासपुर (लागत 435 करोड़), रायपुर (लागत-463 करोड़) एवं दुर्ग स्टेशन (लागत-456 करोड़) का व्यापक पुनर्विकास भी शामिल है। अमृत भारत स्टेशन के अंतर्गत भाटापारा, भिलाई पावर हाउस, तिल्दा नेवरा, बिल्हा, बालोद, दल्लीराजहरा, हथबंद, सरोना, मरोदा, मंदिरहसौद, निपानिया, भिलाई नगर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# पूर्व सीएम शिबू सोरेन को आया ब्रेन स्ट्रोक, हालत नाजुक; हाल जानने आई राष्ट्रपति मुर्मू

रांची/नई दिल्ली। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की तबीयत नाजुक बनी हुई है। वे दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती हैं। चिकित्सकों के अनुसार, ब्रेन स्ट्रोक के कारण उनके शरीर के बाईं ओर पैरालिसिस हो गया है। फिलहाल उन्हें आईसीयू में रखा गया है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी लगातार निगरानी कर रही है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार, आईसीयू में केवल सीमित लोगों को ही उनसे मिलने की अनुमति दी गई है। इस बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन भी अस्पताल में मौजूद हैं। शिबू (शेष पृष्ठ 6 पर...)



# पंचतत्व में विलीन हुए प्रख्यात कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे, बेटे अभिषेक ने दी मुखाग्नि

रायपुर। छत्तीसगढ़ के प्रख्यात कवि पद्मश्री डॉक्टर सुरेंद्र दुबे का आज शुक्रवार को रायपुर के मारवाड़ी श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। उनके पुत्र अभिषेक दुबे ने मुखाग्नि दी। इसके साथ ही वे पंचतत्व में विलीन हो गए। इस मौके पर प्रख्यात कवि और दुबे के करीबी दोस्त कवि कुमार विश्वास दिल्ली से रायपुर पहुंचे और पुष्प चक्र अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आदि गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।





## पहला कॉलम...

# मंत्रोच्चारण के साथ योगासन सूर्यनमस्कार किया गया



राजनांदगांव (दावा)। गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) में 'करो योग रहो' निरोग के नारे को सार्थक करते हुए सामुहिक योग किया गया। शाला की शिक्षिका श्रीमती चंद्रकली साहू और अर्चना गौतम के दिशा निर्देश पर बच्चों ने ताड़ासन, चक्रासन, भूजंगासन, वज्रासन, मंत्रोच्चारण के साथ सूर्य नमस्कार, भ्रामरी और ध्यान किया। चंद्रकली साहू ने योग को विज्ञान से जोड़कर नियमित योगाभ्यास के लाभ बताते हुए कहा कि इससे हमारा मन एकाग्र होता है, पाचन तंत्र सही रहता है, बच्चों की कद बढ़ती है और हमारा काया निरोगी रहता है। शाला की प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव ने कहा कि योग हमारे दिनचर्या को अनुशासित बनाता है। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हमारी प्राचीन योग पद्धति को आज पूरा विश्व योग दिवस के रूप में अपना रहा है। उन्होंने बच्चों को नियमित योग करने के लिए प्रेरित किया।

## आज ई.पी.एस. 95 की राष्ट्रीय संघर्ष समिति का वार्षिकोत्सव

राजनांदगांव (दावा)। ई. पी. एस. 95 की राष्ट्रीय संघर्ष समिति के 8 वें स्थापना वर्ष पर वार्षिकोत्सव 28 जून शनिवार को मनाया जाएगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जिला ईकाई के सचिव मो. फारूख ने बतलाया कि 28 जून शनिवार को पूर्वान्ह 11.30 बजे तुलसीपुर स्थित सामुदायिक भवन में कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव महापौर होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संतोष पिल्ले नेता प्रतिपक्ष, विशेष अतिथि के रूप में पारस वर्मा सभापति, नगर निगम एवं विशेष अतिथि शिव वर्मा शंकरपुर पार्षद व सांसद प्रतिनिधि होंगे।

सर्वप्रथम दीप प्रज्जलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। इसके पश्चात् राष्ट्रीय संघर्ष समिति में संघर्ष करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए साथियों के कार्यों का पुण्य स्मरण किया जायेगा। अभी तक किये गये रचनात्मक, प्रचारात्मक कार्य एवं संघर्ष यात्रा की की विस्तृत चर्चा की जायेगी व संकल्प लिया जायेगा। रचनात्मक कार्यों में वृक्षारोपण आदि का संकल्प लिया जायेगा एवं किया भी जायेगा। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत में सभी दिवंगत साथियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। उन्होंने जिले के सभी सदस्यों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## गृह निर्माण सहकारी समितियों के बायलाज में संशोधन होगा

रायपुर (दावा)। राज्य की गृह निर्माण सहकारी समितियों के बायलाज में संशोधन करने हेतु पंजीयन, सहकारी संस्थाएं द्वारा अधिकारियों की कमेटी का गठन किया गया है। तीन सितंबर 2024 को गठित कमेटी की फरवरी 2025 तक दो बैठकें हो चुकी हैं। कहा जा रहा है कि बायलाज का प्रारूप शीघ्र प्रस्तुत किया जाएगा।

## मणि देवी लोहिया का निधन

राजनांदगांव (दावा)। नगर की विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं श्री सत्यनारायण मंदिर समिति उदयाचल व अग्रवाल सभा से जुड़े पोहा व्यवसाई भाजपा के पूर्व कोषाध्यक्ष विष्णु प्रसाद लोहिया की धर्मपत्नी श्रीमती मणि देवी लोहिया का शुक्रवार 27 जुलाई को सुबह 5 बजे 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वो काफी समय से अस्वस्थ थी। कल ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके ज्येष्ठ पुत्र योगेश लोहिया ने मुखाग्नि दी। उनके तीन पुत्र योगेश, नितेश एवं मुकेश सहित अनेक पोते, पोतियों सहित भरपुरा परिवार है। श्रीमति मणि देवी लोहिया अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य संतोष लोहिया एवं छग प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रचार प्रभारी व वरिष्ठ पत्रकार, हाइवे चैनल समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ लक्ष्मण लोहिया की भाभी थी।

मुक्तिधाम में आयोजित शोक सभा को अग्रवाल सभा की ओर से पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, उदयाचल की ओर से डॉ. पुखराज बाफना, श्याम परिवार की ओर से राजेश शर्मा, पोहा व्यापारी संघ की ओर से विजय हरिहारनो, आह जिंदगी ग्रुप से परमानंद बजाज, मित्र दीपचंद ललवानी, गोंदिया के रोशन अग्रवाल ने संबोधित करते हुए परमपिता परमेश्वर से दिव्य आत्मा को चिर शांति प्रदान करने एवं इस दुखद घड़ी में लोहिया परिवार को संबल प्रदान करने की कामना करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शोक सभा का संचालन अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने किया। इस दौरान सैकड़ों सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक संगठन के व्यक्ति उपस्थित थे।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
27th June to 03rd July 2025




Maa - 12:00, 03:30, 06:30 & 09:30 pm
Kannappa - 03:00 and 09:00 pm
F1 The Movie - 12:30 and 06:30 pm
Sitaare Zameen Par - 03:15, 06:15 and 09:15 pm
HOUSE FULL 5 A - 12:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
महिलाओं की खास फरमाईश पर टिकिट दर पर भारी छूट
बालकनी - 100 रूपए
रिजर्व - 50, महिला- 50 रूपए
सिर्फ सुहाग फिल्म के लिए
सुपरहीट, सुपरहीट, सुपरहीट
सुहाग
कला : अनुज शर्मा, अनकृति चौहान,




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# खैरागढ़ के खैरबना गांव में 25 वर्षीय महिला की हत्या, इलाके में फैली सनसनी



खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ जिले में एक विधवा महिला की निर्ममता से हत्या कर दी गई। जिससे उसके 2 मासूम बच्चे पूरी तरह अनाथ हो गए है। मामला ग्राम खैरबना का है। जहां स्कूल से लौटने के बाद 2 मासूम बच्चे दरवाजा खटखटा रहे थे। अपनी मां को आवाज लगा रहे थे, लेकिन जब काफी समय बाद भी मां ने दरवाजा नहीं खोला और न ही जवाब दिया तो बच्चों ने पड़ोसियों को बुलाया और दरवाजा तोड़ा गया। जैसे ही पड़ोसी और बच्चों ने घर के अंदर कदम रखा। सभी के होश उड़ गए। महिला की खून से लथपथ लाश फर्श पर पड़ी मिली। जानकारी के अनुसार मृतिका की पहचान मोहिनी साहू (उम्र 30) के रूप में हुई है। मोहिनी साहू के पति कीर्तन साहू की मौत दो वर्ष पूर्व हो चुकी है। वह हाल ही में अपने मायके पद्मावतीपुर से लौटकर खैरबना आई थी और अपने बच्चों के साथ अकेले ही रहती थी। बीते दिन वह घर पर अकेली थी और उसके दोनों बच्चे स्कूल गए हुए थे। बच्चे लौटकर जब घर पहुंचे तो उनके सर से मां का साया भी छिन चुका था।

ग्रामीणों की सूचना पर एएसपी नितेश गौतम, थाना प्रभारी अनिल शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच में जुट गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि महिला के गर्दन और सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया है। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना गुरुवार शाम करीब 5 बजे की बताई जा रही है। इस दिल दहला देने वाली घटना से गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। जिससे लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस का कहना है कि हत्या के कारणों और आरोपियों की पहचान को लेकर हर पहलू से जांच की जा रही है। जल्द ही हत्यारे को पकड़ लिया जाएगा।

# आज युगांतर का 29वां स्थापना दिवस

राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा, खेल, संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल का 29वां स्थापना दिवस समारोह 28 जून को प्रातः 10 बजे आयोजित होगा।

इस समारोह में विद्यालय के भूतपूर्व विद्यार्थी सम्मानित बिजनेसमैन अंकित बाफना, नवीन गोयल तथा मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. सुचिता गोयल को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय में दस वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का सम्मान भी होगा। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रभावकारी आयोजन रखा गया है। इसके अलावा ओल्ड सांग की मेलोडी अपनी मधुरिमा से सारे वातावरण को आल्हादित कर देंगे। शिक्षक-शिक्षिकाओं की सामूहिक गीत की प्रभावी प्रस्तुति होगी। विद्यालय प्रबंध समिति के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़ीया, सेक्रेटरी विनय डड्डा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, हेड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी सहित युगांतर परिवार ने विद्यार्थियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए इस सत्र में भी श्रेष्ठ प्रदर्शन की शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आगमन को लेकर शहर कांग्रेस ने ली बैठक



**0 समारोह को एतिहासिक बनाने कांग्रेसजनों में उत्साह**
**0 बैठक में बनी रणनीति राजनांदगांव से जाएंगे हजारों की संख्या में कार्यकर्ता युवा कार्यकर्ता, महिला शक्ति उक्त सम्मेलन में शामिल होंगे**

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन का आगमन रायपुर में 7 जुलाई को हो रहा है। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में गुरूवार 26 जून को सतनाम भवन में वरिष्ठ कांग्रेसजनों की आवश्यक बैठक आयोजित कर समारोह में शामिल होने पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, सभी अनुसांगिक संगठन, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई सहित बूथ अध्यक्षों की आगामी दिनों में बैठक लेकर जिम्मेदारी तय की जाएगी।

बैठक को पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, कमलजीत सिंह पिन्टू, कुतबुद्दीन सोलंकी, डॉ. आफताब आलम, रूपेश दुबे, शहर कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी शारदा तिवारी, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, ननि नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पूर्व अध्यक्ष दिनेश शर्मा, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली ने अपने सुझाव रखे। वहीं राजनांदगांव विधानसभा प्रत्याशी रहे गिरीश देवांगन ने कांग्रेसजनों से कार्यक्रम को सफल बनाने की बात कही।

शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने आयोजन के संबंध में कहा कि बड़े ही हर्ष की बात है कि हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर आगमन हो रहा है, जो हमारे लिए ऐतिहासिक पल है। जिसको लेकर कांग्रेसजनों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। इस अतिमहत्वपूर्ण सभा को विशाल जन समूह में तब्दील करने व सफल बनाने के लिए कांग्रेसजन कमर कस ली है। अधिक से अधिक संख्या में लोगों को उक्त सम्मेलन में पहुंचे। इसके लिए आगामी दिनों में बैठक लेकर जिम्मेदारी तय की जाएगी। बैठक के पश्चात शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के पिता गुरूचरण सिंह छाबड़ा, सेवादल संस्थापक लक्ष्मण सिन्हा, अमजद खान, कुंतीबाई देवांगन, श्रीमती कांति देवांगन को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बैठक में प्रमुख रूप से प्रेमचंद बाफना, डॉ. गंभीर कोटड़िया, जयनारायण सिंह, इकरामुद्दीन सोलंकी, विवेक वासनिक, रमेश राठौर, वरिष्ठ कांग्रेसी मामराज अग्रवाल, एजाजूर रहमान, दौलत सिंह चंदेल, विकास त्रिपाठी, सविता ठाकुर, मोहम्मद यहया, महामंत्री झम्मन देवांगन, फिरोज अंसारी, नरेश शर्मा, रिखी यादव, कुसुम दुबे, शरद खंडेलवाल, मोहनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, मनीष गौतम, सुरेन्द्र देवांगन, पार्षद मुकेश साहू, सतीश मसीह, अमीन हुद्दा, सुनील रामटेके, ऋषि शास्त्री, प्रवीण मेश्राम, हर्ष खोब्रागढ़े, मनीष सिमनकर सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# पुलिस ने अभियान चलाकर अटल आवास लखोली में लगभग 125 से अधिक घरों का किया चेकिंग

### संदिग्ध व्यक्तियों के पास से मिले धारदार तलवार व गांजा के पौधे जब्त



राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय पेन्ड्री व लखोली अटल आवास के 125 से अधिक घरों को 27 जून को चेक किया गया। उक्त चेकिंग अभियान चोरी, लूट एवं अन्य अपराधों में लगाम लगाने के लिए किया जा रहा है। पुलिस के इस अभियान के दौरान लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लायसेंस आदि चेक कर तस्दीक किया गया। वहीं संदिग्ध लोगों को थाना लाकर पूछताछ किया गया। पुलिस को इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों के पास से एक तलवार मिलने पर उसके विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत तथा एक व्यक्ति के पास से गांजा पौधा जप्त कर उसके विरूद्ध एनडीपीएस के तहत् कार्यवाही की गई।

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) मुकेश ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के नेतृत्व में चोरी, लूट, झपटमारी, चाकूबाजी, नशीले पदार्थों की तस्करी आदि की घटना की रोकथाम के लिए शुक्रवार 27 जून को थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, ओपी चिखली प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल, ओपी सुरगी प्रभारी निरीक्षक संकरगिरी गोस्वामी, ओपी तुमड़ीबोड़ प्रभारी दिलीप पटेल, ओपी सुकुलदैहान प्रभारी मनीष ध्रुव सहित लगभग 150 से अधिक पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत अटल आवास लखोली के आवासीय परिसर में जाकर वहां स्थित 125 से अधिक घरों को चेक किया गया एवं उनमें रहने वाले लोगों की भी तलाशी ली गई। वहां रह रहे मकान मालिकों, किरायेदार व अन्य बाहरी मुसाफिरों की भी चेकिंग की गई।

चेकिंग के दौरान लोगों के आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लायसेंस, आदि चेक कर तस्दीक किया गया। गुण्डा बदमाश, निगरानी बदमाश तथा उपद्रवी तत्वों की भी चेकिंग की गई। इस दौरान एक व्यक्ति के पास गांजा के पौधा जप्त किया गया। उसके विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई। जहां एक व्यक्ति के पास से 1 नग तलवार मिलने पर उसके विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। इस प्रकार जिले के अन्य संदिग्ध इलाकों में कॉबिंग गस्त एवं चेकिंग आगे भी जारी रहेगी।

## जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट के अपर कलेक्टर कक्ष क्रमांक 30 में मैनुअल स्कैवेंजर्स अंतर्गत मानव मल सफाई कामगारों हेतु जिला स्तरीय सतर्कता समिति एवं सर्वेक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति की सदस्य श्रीमती बबीता कुलदीप द्वारा निगम में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारियों को रेनकोट, लॉगबूट उपलब्ध कराने एवं मृत कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों की ग्रेच्युटी की राशि भुगतान करने के संबंध में चर्चा की गयी। बैठक में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं तथा कमियों के निराकरण हेतु उच्च कार्यालय को पत्र लिखे जाने का निर्णय लिया गया।

# शहर में सड़कों पर आवारा जानवरों के विचरण से होने वाली दुर्घटना एवं उसके समाधान हेतु सौंपा ज्ञापन



राजनांदगांव (दावा)। जिले में सड़कों पर आवारा जानवरों की समस्या एक बड़ी चुनौती बन गई है। जिससे दुर्घटनाओं और अन्य समस्याओं का खतरा बढ़ गया है। आवारा पशु में ज्यादातर संख्या कुत्तों की है। उसके बाद गायों का नंबर आता है। सड़कों पर आवारा पशुओं के कारण यातायात बाधित होता है। जिससे जाम की समस्या होती है। आवारा पशु पार्कों और अन्य हरियाली वाले क्षेत्रों में घूमते हैं। जिससे पौधों और हरियाली को नुकसान होता है, आवारा पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाएं आम हो गई हैं। जिससे जानमाल का नुकसान हो रहा है। बीते सालों में ग्रामीण इलाकों में गायों को रखने के लिए गौठान की व्यवस्था की गई थी, लेकिन सरकार की उदासीनता के कारण पशु सड़कों पर विचरण करने मजबूर हैं।

नगर निगम और अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने और उन्हें गौशालाओं या कांजी हाउस में रखने की व्यवस्था की जानी चाहिए। सड़कों पर आवारा पशु छोड़ने वाले मालिकों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए और आवारा पशुओं की पहचान के लिए उन पर रेडियम बेल्ट और टैग लगाए जाने चाहिए। साथ ही लोगों को आवारा पशुओं (कुत्तों एवं गायों) को सड़कों पर न छोड़ने के लिए जागरूक किया जाना चाहिए। पशु मालिकों को जिम्मेदारी से अपने पशुओं की देखभाल करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। सार्वजनिक स्थानों पर आवारा पशुओं के घूमने पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी गोपाल साहू प्रदेश अध्यक्ष, भूपेश तिवारी लोकसभा अध्यक्ष, संजीत विश्वकर्मा संगठन मंत्री, राजेन्द्र सोनी, आरीफ भाईजान, मंगल सिंह राजपूत, मिहिर कुर्मी प्रदेश मीडिया प्रभारी आम आदमी पार्टी आदि उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सीमादेवी पति मुन्ना सोनकर आयु 37 वर्ष निवासी - वार्ड नं. 14, मंगल भवन के पास बल्देवबाग तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) हाल मुकाम वार्ड नं. 25, गोल बाजार तहसील व जिला रजनांदगांव (छ.ग.) की निवासी हूं।

यह शपथ करती हूँ कि मैंने अपने पुत्र का नाम बादल सोनकर को बदलकर आर्यन सोनकर रख लिया है। अतः आज से मेरे पुत्र का नाम समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नए नाम आर्यन सोनकर से ही जाना पहचाना जाये। छत्तीसगढ़ राजपत्र (गजट) में प्रकाशन करना चाहती हूं।

**सीमादेवी**
पति मुन्ना सोनकर आयु 37 वर्ष निवासी - वार्ड नं. 14, मंगल भवन के पास बल्देवबाग तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) हाल मुकाम वार्ड नं. 25, गोल बाजार तहसील व जिला रजनांदगांव (छ.ग.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक **परमानंद आ. सतउराम** जाति **तेली** निवासी ग्राम **पेंदलकुही** तह. **अं.चौकी** जिला-मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) का निवासी हूँ। मैं अपने पुत्री **वैष्णव देवी** के नाम से सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी करवाया गया था जिसमें नाम के स्थान पर **वैष्णवी तेली** अंकित है, उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरी पुत्री के नाम से जारी शैक्षणिक प्रमाण पत्र पर समस्त कागजातों में नाम के स्थान पर **वैष्णवी देवी** दर्ज है, उक्त नाम सही है। इसलिए उक्त नाम को आधार कार्ड में सुधार कराना चाहता हूँ। इस आमसूचना के संबंध में किसी भी शा. अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हो तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। अन्यथा नियत अवधि बीतने के पश्चात उक्त आधार कार्ड में मेरे पुत्री का नाम आधार कार्ड में सुधार कर लिया जावेगा। अतएव सूचना प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान:-अं. चौकी — **आवेदक**
दिनांक- 27/06/25 — **परमानंद**

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग, कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**मैनुअल पद्धति निविदा सूचना क्र. 05 (प्रथम आमंत्रण)**

क्रमांक/1216/निविदा/ग्रा.यां.सेवा/2025-26 — कबीरधाम, दिनांक 26/06/2025

छत्तीसगढ़ राज्य के राज्यपाल की ओर से केवल एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ''द'' श्रेणी एवं उच्च वर्ग ठेकेदारों से निम्न दर्शित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 11.07.2025 तक आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1. | 22080114002 माध्यमिक शाला भवन निर्माण कार्य केसमर्दा वि.ख. बोड़ला जिला कबीरधाम | 17.46 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी वेबसाईट http://rec.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर दिनांक 27.06.2025 से देखी जा सकती है।

जी- 252601846/1

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग कवर्धा**
**जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

# बकायादारों की दुकानें हुई सील, निकाय द्वारा वसूली हेतु सख्ती



डोंगरगांव (दावा)। नगर पंचायत डोंगरगांव ने लंबे समय से बकाया कर जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार सुबह 9 बजे उनकी दुकानों को सील कर दिया गया। यह कार्रवाई मुख्य नगर पंचायत अधिकारी विनम्र जेमा के नेतृत्व में की गई। नगर पंचायत की टीम ने पांच वर्षों से लगातार संबंधित बकायादारों को नोटिस जारी कर बकाया कर चुकाने की चेतावनी भी दी गई थी, लेकिन निर्धारित समय-सीमा में कर जमा नहीं करने पर यह सख्त कदम उठाया गया।

निकाय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कार्रवाई के दौरान सील की गई दुकानों की सूची व बकाया राशि इस प्रकार है। जिसमें क्रमांक दुकान नं. दुकानदार का नाम पुरूषोत्तम गुप्ता/गया प्रसाद गुप्ता 3,86,816, हमद खान/गुलाब खान 49,089, शेख जसीम/शंख सलीम 61,797, नूरी खान/हुसैन खान 138797, राजेश राजपूत/परमानंद राजपूत 1,318,789 शेख नईम/ शेख हफीज 496426, साहिल मालेकर/पवन मालेकर 63000 रूपए पुराना बस स्टैंड से वसूला गया। कुल बकाया राशि 25,14,714.00 रूपए है। इस विषय में जानकारी देते हुए नगर पंचायत अधिकारी ने कहा कि दुकान प्रीमियम एवं नीलामी एवं दुकान किराया की राशि समय पर जमा करें। अन्यथा भविष्य में और भी दुकानों को सील किया जाएगा। स्थानीय पुलिस बल की उपस्थिति में यह कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

**NAME CHANGE**

Hereby informed in general my name was **SUNITA BAI,** Now after Marriage.I have Changed My Name as **SUNITA DEWANGAN** (w/o Vohitram Dewangan In future. I should be known as **Sunita Dewangan.**

**Sunita Dewangan**
**W/o Vohitram Dewangan**
H. No. 148, W.No. 37, Near Shiv Mandir, Baspai Para, VTC. Rajnandgaon PinCode: 491441.

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के
2-6-7
256-3 344-1
राजधानी
3-5-9
578-0 239-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# दुकानों में सेंधमारी करने वाले 3 और आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**आरोपियों को गिरफ्तार न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल**




राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली थाना पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के दुकानों में सेंधमारी करने वाले तीन आरोपियों को धर दबोचा है।

बता दें कि इसके पहले कोतवाली पुलिस ने बख्तावर चाल तुलसीपुर सहित एक और स्थान में घरों में की गई चोरी के 4 आरोपियों को धर दबोचा है। अब फिर कोतवाली पुलिस ने दुकानों में चोरी करने वाले 3 और आरोपी को गिरफ्तार किया है और उनके पास से किराना समान एवं नगदी रकम जब्त की है।

कोतवाली थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि प्रार्थी जितेन्द्र भानुशाली पिता स्व. शंकर लाल भानुशाली उम्र 43 वर्ष निवासी अरबन कॉलोनी मां पाताल भैरवी मंदिर के पीछे राजनांदगांव द्वारा लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 जून को 1.30 बजे के तकरीबन दिनेश किराना स्टोर्स कन्हारपुरी का कोई अज्ञात चोर द्वारा ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर किराना स्टोर्स में रखे किराना सामान गुटखा, बिड़ी, सिगरेट, धनिया पावडर पैकेट, हल्दी पावडर पैकेट, मिर्ची पावडर पैकेट, किमती 15,000 रूपये एवं गल्ला में रखे नगदी रकम 20,000 रूपए जुमला किमती 35,000 रूपए को चोरी कर ले जाना बताया कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 322/2025 धारा-331(4), 305 (ए), 3(5) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कायमी से वरिष्ठ अधिकारियों तत्काल अवगत कराया गया।

**सीसीटीवी कैमरे से मिला चोरों का सुराग**

थाना प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में तत्काल टीम गठित कर घटना स्थल रवाना कर घटना स्थल एवं आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरा को चेक कराया गया। मुखबीरों से प्राप्त सूचना एवं सीसीटीव्ही फुटेज में मिले क्लु के आधार पर आरोपी भूपेन्द्र साहू उर्फ दादू पिता पुरुषोत्तम साहू उम्र 20 वर्ष रोहित सूर्यवंशी उर्फ पिंटू पिता कौशल सूर्यवंशी उम्र 19 तथा गणेश साहू पिता स्व. रूमलाल साहू उम्र 31 वर्ष तीनों निवासी कन्हारपुरी वार्ड 34 को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ किए जाने पर उन लोगों ने चोरी करना स्वीकार किया।

इस पर उनके कब्जे से किराना सामान किमती 15,000 रूपए एवं नगदी रकम 5,900 रूपए कुल जुमला कीमती 20,900 रूपए जप्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध प्रर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से 27 जून शुक्रवार को उन्हें गिरफ्तार न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक श्री सिंह सहित उप निरीक्षक रतन सिंह नेताम, बलदाऊ चंद्राकर, सउनि. उदय सिंह चंदेल, प्र.आर. अरूण कौमार्य, आरक्षक रामखिलावन, रंजित चौरसिया, प्रदीप जायसवाल, राम नारायण चंदेल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# आज से 21वीं राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**महापौर ने दी खिलाड़ियों को बधाई**



राजनांदगांव (दावा)। 21वीं राज्य स्तरीय सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता रायपुर में 28 एवं 29 जून को आयोजित होने जा रही है। जिसमें राजनांदगांव के 10 खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया है, जो राजनांदगांव जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। आज इन खिलाड़ियों की टीम गठित हुई और गठित होने पर राजनांदगांव नगर निगम के महापौर मधुसूदन यादव ने सुंदरा मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और उन्हें इस बात का आश्वासन दिया कि डॉ. रमन सिंह के प्रयासों से स्वीकृत सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक जल्द ही राजनांदगांव में मूर्त रूप लेने जा रहा है। उन्होंने जिला एथलेटिक संघ के कोच कामता प्रसाद यादव को भी शुभकामनाएं दी। जिनके प्रयास से अधिक से अधिक बच्चे राजनांदगांव जिले का प्रतिनिधित्व करने सीनियर राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता रायपुर में मैं भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अतुल चोपड़ा, जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव रणविजय प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह ठाकुर, संघ कोषाध्यक्ष राजेंद्र यादव, प्रकाश साथिया, सतीश ब्यौहारे, विश्वेंद्र प्रताप सिंह एवं ग्राम सुंदरा के सरपंच साहू, राजनंदगांव जनपद के अध्यक्ष प्रतिनिधि पप्पू चंद्राकर भी उपस्थित रहे।

राजनांदगांव जिले के तरफ से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खेलने वाले खिलाड़ियों में कौशल कुमार 10000 व 5000 मीटर बिरेंझर, क्षत्रपाल पीके 1500 व 5000 मीटर अचानकपुर-भाटापारा, शैलेश साहू 800 व 1500 मीटर, छवि साहू 800 व 400 मीटर भाटापारा, नीलेश्वर 3000 व 5000 मीटर सुंदरा, नीम साहू 20 किलोमीटर वॉकिंग सोमनी, कुमारी साक्षी यादव 3000 व 5000 मीटर राजनांदगांव, कुमारी निशा साहू 10000 व 5000 मीटर पर्री, जीतू साहू 800 व 400 मीटर सुंदरा और जागेश्वर 400 व 200 मीटर ठेकुआ आदि है। यह जानकारी सचिव रणविजय प्रताप सिंह सचिव राजनांदगांव जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने दी।

## गायत्री विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह का सफल आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। गायत्री विद्या मंदिर (हिन्दी माध्यम) में दसवीं और बारहवीं के प्रतिभावान विद्यार्थियों एवं उनके पालकों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सफलता अर्जित करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके अविभावकों का तिलक वंदन कर एक-एक पेड़, डायरी और पेन भेंटकर उन्हें सम्मानित किया गया। पालकों ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों का मार्गदर्शन किया और अनुभव साझा किये। दसवीं की छात्रा हिमांशी साहू के पिता मनोज कुमार साहू ने कहा कि गायत्री विद्या मंदिर में शिक्षा के साथ संस्कार और अनुशासन का पाठ पढ़ाया जाता है। जिससे बच्चे अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हैं। रेणुका देवांगन की माता श्रीमती कीर्तन देवांगन ने कहा कि विद्यालय के गुरूजनों की मेहनत और कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है कि मेरी बेटी जिले में नवां स्थान प्राप्त की। पालक आत्माराम चंद्रवंशी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि गुरूद्रोणाचार्य और अर्जुन की भांति लक्ष्य केन्द्रित कर जीवन में सफलता प्राप्त कर सकते हैं। प्राचार्य सुश्री सीमा श्रीवास्तव ने बच्चों एवं पालकों को बधाई देते हुए कहा कि प्रथम गुरू माता-पिता होते हैं, इसलिए हमेशा उनका सम्मान करें।

## वार्ड निरीक्षण : साफ-सफाई के अलावा निर्माण कार्य का आयुक्त ने लिया जायजा



**जी.ई. रोड नाला सफाई के दिए निर्देश**

राजनांदगांव (दावा)। नगर में साफ-सफाई में गुणात्तम सुधार लाने तथा शहर में चल रहे निर्माण कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण कराने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा प्रतिदिन सुबह वार्डो में जाकर जायजा ले रहे है। आज उनके द्वारा जी.ई. रोड, महावीर चौक एवं कौरिनभाठा में साफ-सफाई तथा निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। उन्होंने टांका घर जाकर विद्युत, मोटर एवं पेयजल संबंधी कार्य करने वाले कर्मचारियो की जानकारी लिए।

सफाई निरीक्षण में आयुक्त ने महावीर चौक में नाला देख नाला सफाई कराने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा को निर्देशित कर शहर के नाला सफाई के संबंध में जानकारी लिए। श्री मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम चरण में नाला सफाई के पश्चात द्वितीय चरण में शेष नालों की सफाई की जा रही है। आयुक्त ने कहा कि पानी भरान वाले क्षेत्रों के नाली नालों की अच्छी तरह से सफाई कराई जाए तथा पानी भरान क्षेत्र में कच्ची नाली खोद कर पानी निकासी की व्यवस्था करे। मौसमी बीमारी को ध्यान में रखकर सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त करे। आयुक्त ने महावीर चौक के किनारे नाला को ढंकने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि चौक से बड़ी गाड़ी मोडने के दौरान दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, जिसे देख नाला को ढंकने की व्यवस्था करे। उन्होंने महावीर चौक में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसी प्रकार कौरिनभाठा तालाब सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लेकर कार्य में तेजी लाकर शेष कार्य जल्द पूर्ण करने कहा। उन्होंने कहा कि बारिश में तालाब भरने के पूर्व उसके आस पास के सभी कार्य को प्राथमिकता देवे। आयुक्त ने टांका घर पहुंचकर जल, विद्युत, मोटर के कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि सभी कर्मचारी निर्धारित समय में उपस्थित होना सुनिश्चित करे और बिजली, पानी संबंधी कार्यो में नागरिकों एवं पार्षदो की समस्या का प्राथमिकता तय कर निराकरण करे। उन्होंने शहर की सभी लाईटो की मरम्मत करने कहा। उन्होंने कहा कि बारिश को देखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त रखे, वाहन एंव मशीनो का मरम्मत करे।

## पूर्व सांसद अमितेश शुक्ल ने मौनी बाबा का लिया दर्शन लाभ



**श्रीराम-जानकी मंदिर मिथिलाधाम में आयोजित भजन-कीर्तन में किया शिरकत**

राजनांदगांव (दावा)। मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल के पौत्र व प्रदेश के तीन-तीन बार मुख्यमंत्री रहे पं. श्यामा चरण शुक्ल के सुपुत्र पूर्व सांसद व विधायक पं. अमितेश शुक्ल का आषाढ़ द्वितीया के दिन संस्कारधानी में आगमन हुआ। वे यहां पधार कर श्री राम जानकी मंदिर मिथिला धाम में संत मौनी बाबा का दर्शन लाभ लिया और भगवान जगन्नाथ महाप्रभु रथयात्रा के दिन मंदिर में स्थित भगवान श्रीराम, मां जानकी, विध्नहर्ता गणेश जी की पूजा अर्चना कर सबकी सुख-सौभाग्य की कामना की। रायपुर की एडीशनल कमिश्नर सरिता तिवारी के साथ मिथिला धाम मंदिर में पधारे पूर्व विधायक श्री शुक्ल का स्वागत मंदिर के संस्थापक अशोक चौधरी ने किया।

इस दौरान श्री शुक्ल ने मौनी बाबा का चरण छूकर प्रणाम करते हुए उनसे आशीर्वाद ग्रहण की। श्री शुक्ल ने बताया कि जब कभी भी उन्हें अवसर मिलता है तो मौनी बाबा जी का दर्शन करने अवश्य आते हैं। बाबा जी में उनकी अगाध निष्ठा है। श्री शुक्ल ने मंदिर में आयोजित भजन-कीर्तन के कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस दौरान मंदिर के संत वैदेही शरण जी, महावीर शरण जी विभूति शास्त्री जी सहित अन्य श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

## जिला पंचायत सीईओ ने निर्माण कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों तथा अन्य विषयों की समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने पीएमश्री योजना अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने 70 वर्ष एवं 70 वर्ष से अधिक नागरिकों का आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत बनाए जा रहे आयुष्मान कार्ड की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। स्वास्थ्य विभाग के सभी शासकीय भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने निर्देशित किया। उन्होंने गांव के कार्यरत मितानिनों के कार्यों की समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत समय-सीमा में स्वच्छता सर्वेक्षण की सभी तैयारी कर लें। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण के पूर्व दीवार लेखन, पोस्टर प्रदर्शन की व्यवस्था भी प्रत्येक गांव में सुनिश्चित करने एवं ग्रामों का भ्रमण कर स्वच्छता का जायजा लेने तथा गन्दगी पाए जाने पर सचिवों को अर्थदण्ड लगाने के निर्देश दिए।जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने जिले में इन्जेक्शन वेल के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण एवं संवर्धन के छोटे-छोटे कार्यों से ग्रामीणों को लम्बे समय तक सतत लाभ मिलता रहेगा। उन्होंने प्रत्येक गांव से एक फेल बोरवेल में एक रिचार्ज साफ्ट का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, ग्रामीण आजीविका मिशन, 15वें वित्त आयोग एवं पंचायत सेक्टर के कार्यों की समीक्षा की समीक्षा की गई और कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने निर्देशित किया गया। बैठक में जिला अधिकारी, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारी शामिल हुए।

## आज गुरुद्वारा श्री गुरुसिंघ के दसवें स्थापना पर्व पर गुरुद्वारा में कीर्तन समागम




राजनांदगांव (दावा)। गुरुद्वारा साहिब के दसवें सृजना दिवस को समर्पित समूह सिक्ख संगत राजनांदगांव के सहयोग से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा राजनांदगांव द्वारा शनिवार 28 जून को गुरूद्वारा साहिब में विशेष कीर्तन समागम का आयोजन किया गया है। जिसमें सिक्ख संगत भाईयों-बहनों को अपने सुमधुर शबद कीर्तन के माध्यम से भक्ति भावना से जोड़ने पंथ के नामवर रागी जत्था भाई गुरविंदर सिंह रुद्रपुर वालों को आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही हजूरी जत्था भाई रीतिक सिंह, ग्रंथीजी भाई सतपाल सिंह तथा स्थानीय बहनों का जत्था भी शबद कीर्तन के माध्यम से संगत को निहाल करेंगे। 28 जून शनिवार मुख्य दीवान में प्रातः 8 से दोपहर 1 बजे तक जारी रहने वाले इस कीर्तन समागम में रागी जत्थों द्वारा शबद कीर्तन तथा गुरबाणी गायन द्वारा उपस्थित संगत को भक्ति-भाव से निहाल किया जाएगा। तद्उपरांत गुरु का लंगर अतुट वितरित होगा। इसी तारतम्य में संध्या का दीवान भी रात्रि 7.15 से 9.30 बजे तक सजेगा। अरदास, सुखासन, समाप्ति उपरांत चाय नाश्ते का लंगर वितरित होगा।

श्री गुरुसिंघ सभा राजनांदगांव द्वारा समूह सिक्ख संगत भाईयों-बहनों से विनम्र निवेदन किया गया है कि सपरिवार गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर शबद कीर्तन श्रवण करें। सहयोग कर आयोजन को सफल करें तथा गुरु महाराज की खुशियों के पात्र बनें।

## महापौर ने लगाए तहसील कार्यालय में नीम के पौधे



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव के तहसील कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। उक्त जानकारी देते हुए अधिवक्ता पंकज गुप्ता ने बताया कि नगर के प्रथम नागरिक महापौर मधुसूदन यादव एवं एसडीएम खेमलाल वर्मा, तहसीलदार (डिप्टी कलेक्टर) अमिय श्रीवास्तव व तहसीलदार राकेश कुमार नागवंशी, वरिष्ठ अधिवक्तगण व नोटरी, जगदीप गरचा, महेन्द्र शर्मा, एमएल साहू, बृजमोहन जोशी, शिव कुमार साहू, राजकुमार चंदेल, सुनील मिश्रा, किरीट धीवर, हेमलता पांडेय, नीतू टंडन, समाजसेवी झम्मन देवांगन दस्तावेज लेखक श्रीकेश ठाकुर, नंदकुमार देवांगन, राजेश सिन्हा, महेश सिन्हा, गोपाल मानिकपुरी व अन्य उपस्थित नागरिकगणों द्वारा तहसील कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर नीम के वृक्ष लाए।

महापौर श्री यादव ने नीम के वृक्ष की महत्तव्ता बताते हुए कहा कि नीम के वृक्ष से जो ऑक्सीजन से परिपूर्ण होते है व वातावरण में शीतलता प्रदान करते है। जिसे बड़ी संख्या में यहां लगाए गए है। जिससे तहसील में आनेवाले नागरिकों शुद्ध हवा व शीतलता प्राप्त हो सकेगी। अधिवक्ताओं ने तहसील न्यायालय स्थित अधिवक्ता कक्ष के उन्नयन व मरम्मत हेतु महापौर से आग्रह किया। जिस पर श्री यादव द्वारा अधिवक्ता कक्ष में शीघ्र मरम्मत उन्नयन कराने का आश्वासन दिया तथा तहसील कार्यालय में लगातार प्रतिवर्ष किये जा रहे वृक्षारोपण की प्रशंसा की। वृक्षारोपण के इस पुनीत पावन कार्य पर उपस्थित होकर वृक्षारोपण में अपना समय देने हेतु अधिवक्ता पंकज गुप्ता, अशोक श्रीवास्तव द्वारा महापौर सहित सभी अधिकारीगणों व उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी अधिवक्ता अशोक श्रीवास द्वारा दी गई।

## महापौर सुबह पहुंचे वार्ड नं. 26, सामुदायिक भवन एवं पुलिया निर्माण के लिए किया स्थल निरीक्षण





**भरकापारा स्कूल में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए दिये संदेश**

राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव वार्ड की समस्या से अवगत होने वार्डवासियों से भेंट मुलाकात करने वार्डो में जाने की कड़ी में आज सुबह वार्ड नं. 26 पहुंचकर वार्ड पार्षद श्रीमती झामित सेन, पार्षद प्रतिनिधि नादान सेन के साथ वार्ड भ्रमण कर वार्डवासियों से रूबरू होकर उनकी समस्या से अवगत होकर निर्माण कार्य के लिए स्थल निरीक्षण किए। महापौर ने महामाया मंदिर के पास एवं यादव पारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए स्थल निरीक्षण किए। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों की सुविधा के लिए बहुत जल्द सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इसी प्रकार रामाधीन मार्ग में पुलिया निर्माण के लिए स्थल देख कहा कि सुचारू पानी निकासी के लिए पुलिया निर्माण किया जाएगा। इसके लिए जल्द प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने पुराना बस स्टैण्ड निरीक्षण कर बस स्टैण्ड में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने दुकानदारो से साफ-सफाई रखने, कचरा निगम के कचरा गाड़ी में डालने समझाईस दिए। उन्होंने वार्डवासियो से कहा कि वार्ड में विकास कार्य के लिए पार्षद से प्रस्ताव मंगाया गया है, प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य कराये जाएंगे।

भरकापारा स्कूल में महापौर ने वार्ड पार्षद एवं वार्ड के सुरेश खण्डेलवाल, राजू बाफना, राहुल अग्रवाल, मनोज बनाफर, रघु शर्मा, योगेश खत्री के साथ वृक्षारोपण किए। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण करना नितांत आवश्यक है। वृक्षारोपण के साथ साथ उसकी सुरक्षा सबसे ज्यादा जरूरी है, क्योंकि सुरक्षित पौधे ही पेड़ का रूप लेंगे। इसके लिए हम सबको जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने नागरिको से अपील की है कि अपने घर व आसपास खुले स्थानों पर पौधरोपण कर उसकी रक्षा करे और पर्यावरण संरक्षण मे सहभागी बने।

## प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना सौर ऊर्जा अक्षय ऊर्जा के उपयोग की एक बेहतरीन मिसाल



**०प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से यशवंत पटेल को बिजली के बिल से मिल राहत**

राजनांदगांव (दावा)। शासन की प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बिजली की बचत, किफायती एवं उपयोगी साबित हो रही है। सौर ऊर्जा प्राकृतिक दृष्टिकोण से अक्षय ऊर्जा है और निःशुल्क प्राकृतिक खजाना है। शहर में इस योजना का लाभ लेने के लिए जनमानस में रूझान बढ़ा है और घर सौर ऊर्जा से प्रकाशमान हो रहे है। राजनांदगांव शहर के जीई रोड रायपुर नाका निवासी यशवंत पटेल ने बताया कि परिवार में संयुक्त तौर पर उनके भाई हिम्मत पटेल एवं गोपाल पटेल ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत 2 लाख 60 हजार रूपए की लागत से 5 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया है। शासन की ओर से 78 हजार रूपए की राशि प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि जब से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत सोलर पैनल लगा है, बिजली के बिल से राहत मिल है। यह पर्यावरण के दृष्टिकोण से भी लाभप्रद है। बढ़ते बिजली बिल की समस्या को देखते हुए यह सोलर पैनल जनसामान्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जनसामान्य को इस योजना का लाभ लेते हुए अपने घरों में सोलर पैनल लगाना चाहिए। इससे बिजली का बिल शून्य हो जाता है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत स्थापित प्लांट नेट मीटरिंग द्वारा विद्युत ग्रिड से संयोजित होगा, जिससे उपभोक्ता द्वारा अपनी खपत से अधिक उत्पादित बिजली ग्रिड में सप्लाई हो जाती है। इससे न केवल उपभोक्ता के घर का बिजली बिल शून्य हो जाता है, बल्कि ग्रिड में दी गई बिजली के एवज में अतिरिक्त आय भी प्राप्त होती है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत 30 हजार रूपए से 78 हजार रूपए तक की सब्सिडी प्रति प्लांट दिए जाने का प्रावधान है। रूफटॉप सोलर संयंत्र की क्षमता अनुसार लागत राशि एवं सब्सिडी अलग-अलग है। उपभोक्ता द्वारा सोलर प्लांट के ब्रांड चयन कर सकते हैं। 3 किलोवाट से अधिक क्षमता का प्लांट लगाने पर अधिकतम 78 हजार रूपए तक सब्सिडी का प्रावधान है। प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को वेबसाईट pmsuryaghar.gov.in या PMSuryaGhar मोबाईल एप पर पंजीयन कर लॉग इन आईडी प्राप्त करना होगा। इसके बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन करना होगा। निर्धारित अनुबंध हस्ताक्षरित होने के पश्चात वेंडर द्वारा छत पर प्लांट की स्थापना एवं डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर स्थापित किया जाता है। स्थापित प्लांट के सत्यापन पश्चात शासन द्वारा सब्सिडी ऑनलाईन जारी कर दी जाती है। इस दौरान यदि उपभोक्ता इच्छुक हो तो शेष राशि का प्रकरण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण हेतु बैंकों को जनसमर्थन पोर्टल द्वारा ऑनलाईन प्रेषित किया जाता है।

## अनमोल दावा

> **बदलाव के बिना कोई प्रगति नहीं होती, खुद को बदलने के लिए तैयार रहें।**

## भविष्य की आधारशिला रखने वाला मिशन एक्सिओम-4

अंतरिक्ष में मूल्यवान संसाधनों का भंडार भी छिपा है। इस संदर्भ में मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित क्षुद्रग्रह (एस्टेरायड) बेल्ट सर्वाधिक संपन्न है। इनमें प्लेटिनम, सोना, कोबाल्ट, लीथियम जैसे वैसे दुर्लभ संसाधन हैं, जो बैटरी, इलेक्ट्रानिक्स और स्वच्छ ऊर्जा तकनीक जैसी आधुनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में बेहद महत्वपूर्ण हैं। भारतीय वायुसेना में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन-आइएसएस में दाखिल होकर एक नया इतिहास रचा। वह एक्सिओम-4 मिशन का हिस्सा हैं। यह मिशन नासा, इसरो और यूरोपियन स्पेस एजेंसी का समन्वित प्रयास है। इस मिशन के दौरान 60 वैज्ञानिक परीक्षण किए जाएंगे। इन परीक्षणों में 31 देशों का योगदान होगा, जिनमें सात परीक्षणों में इसरो की सक्रिय भूमिका है।

ये परीक्षण माइक्रोबायोलाजी, बायोटेक्नोलाजी, पदार्थ विज्ञान, मानव शरीर विज्ञान एवं अंतरिक्ष तकनीक जैसे विविध विषयों से जुड़े हैं। यह मिशन अंतरिक्ष अन्वेषकों को अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन तक ले जाने, प्रवास या अंतरिक्ष में प्रयोग-परीक्षण करने तक ही सीमित नहीं। इसमें उस भविष्य की कुंजी निहित है, जिसमें अंतरिक्ष केवल अन्वेषण का ही एक केंद्र नहीं रहेगा, बल्कि वह व्यापक रणनीतिक एवं आर्थिक मोर्चे के रूप में भी स्थापित होगा।

यह स्पष्ट है कि आने वाले दशकों में अंतरिक्ष भूराजनीति, वैश्विक शक्ति समीकरण और आर्थिक वृद्धि को आकार देने में अहम भूमिका निभाएगा। चाहे उपग्रह संचार से लेकर रक्षा प्रणालियों का मामला हो या संसाधन उत्खनन से अंतरिक्ष पर्यटन का विषय, उनमें देशों की अंतरिक्ष क्षमताएं ही यह निर्धारित करेंगी कि कौन देश इसमें बढ़त बनाएगा और कौन अनुसरण करेगा। अंतरिक्ष में नियंत्रण का अर्थ है संचार पर नियंत्रण? यह स्थिति युद्ध और टकराव में बहुत उपयोगी साबित होती है। सैटेलाइट नेटवर्क की महत्ता तो सैन्य संचार से लेकर रियल टाइम नेविगेशन और जलवायु निगरानी के मोर्चे पर पहले ही सिद्ध हो चुकी है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका उदाहरण है। जब रूस ने यूक्रेन के संचार ढांचे को तबाह कर दिया तब एलन मस्क की स्टारलिंक सैटेलाइट सुविधा ही यूक्रेन के काम आई।

आधुनिक समर नीति में भी अंतरिक्ष एक महत्वपूर्ण पहलू है। सशक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम वाले देशों को स्वाभाविक रूप से सामरिक बढ़त मिलती है। ईरान-इजरायल के हालिया युद्ध में भी इसका प्रमाण दिखा, जहां ईरान की कई बैलिस्टिक मिसाइलों को इजरायल के एयरो-3 डिफेंस सिस्टम ने पृथ्वी के वायुमंडल की सीमा से बाहर ही निष्प्रभावी कर दिया। यह दर्शाता है कि अंतरिक्ष परिसंपत्तियों पर नियंत्रण कैसे आधुनिक समर नीति को निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकता है। बीते दिनों भारत के आपरेशन सिंदूर में भी सैटेलाइट कैमरों की उपयोगिता दिखी, जिन्होंने लक्ष्यों को चिह्नित करने और नुकसान के आकलन में अहम भूमिका निभाई। इन्हीं पहलुओं को देखते हुए अमेरिका ने अपनी अंतरिक्ष परिसंपत्तियों की सुरक्षा के लिए स्पेस फोर्स नाम से एक अलग सैन्य इकाई का गठन किया है। भारत भी इस संकल्पना को साकार करने की दिशा में बढ़ने जा रहा है।

आर्थिक मोर्चे पर भी अंतरिक्ष नया अखाड़ा बन रहा है। अंतरिक्ष पर्यटन अब कोई कपोल-कल्पना नहीं। कुछ कंपनियों-संगठनों ने अंतरिक्ष यात्रियों के लिए सेवाएं शुरू कर दी हैं। इसरो भी इस दिशा में काम कर रहा है और उसकी 2030 तक अंतरिक्ष पर्यटन शुरू करने की योजना है। 2030 तक वैश्विक अंतरिक्ष पर्यटन कारोबार के 85,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

चूंकि भारत की पहचान विश्वसनीय और किफायती प्रक्षेपण क्षमताओं वाले देश की है, इसलिए यह मानने के अच्छे भले कारण हैं कि इस बाजार में उसे बड़ा हिस्सा प्राप्त होने वाला है। विस्तार ले रही अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में वही देश बाजी मारने में सफल हो सकते हैं, जो मनुष्यों से लेकर मशीनों को अपने दम पर अंतरिक्ष में भेजने में सक्षम होंगे। ऊंचे दांव वाली इस होड़ में भारत बिल्कुल सटीक मौके पर कदम बढ़ा रहा है। एक वैश्विक अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की भारत की यात्रा में एक्सिओम-4 मिशन एक मील का पत्थर है। सीधे तौर पर इसका सरोकार भारत के गगनयान कार्यक्रम से जुड़ा है, जिसके अंतर्गत स्वदेश निर्मित यान के जरिये भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजने की योजना है।

यह 2027 तक संभव हो सकता है। हालांकि भारत के इरादे इससे कहीं ज्यादा बड़े हैं। भारत का लक्ष्य वर्ष 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन-बीएएस के रूप में अपना अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करना है। यह केंद्र अत्याधुनिक शोध-अनुसंधान, नवाचार एवं लंबी अवधि वाले मिशन के लिए एक मंच की भूमिका निभाएगा। इसके साथ ही भारत अंतरिक्ष में स्थायी मानवीय उपस्थिति वाले चुनिंदा देशों में शामिल हो जाएगा। एक्सिओम-4 मिशन के दौरान लाइफ साइंस, कक्षीय परिचालन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के मोर्चे पर सीखे जाने वाले सबक बीएएस के डिजाइन और संचालन ढांचे को आकार देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

अंतरिक्ष में मूल्यवान संसाधनों का भंडार भी छिपा है। इस संदर्भ में मंगल और बृहस्पति के बीच स्थित क्षुद्रग्रह (एस्टेरायड) बेल्ट सर्वाधिक संपन्न है। इनमें प्लेटिनम, सोना, कोबाल्ट, लीथियम जैसे वैसे दुर्लभ संसाधन हैं, जो बैटरी, इलेक्ट्रानिक्स और स्वच्छ ऊर्जा तकनीक जैसी आधुनिक आवश्यकताओं की पूर्ति में बेहद महत्वपूर्ण हैं। पृथ्वी पर सिकुड़ते संसाधनों को देखते हुए भविष्य की आर्थिकी में अंतरिक्ष खनन का महत्व बढ़ेगा। समझ लीजिए कि संपूर्ण विश्व का सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी करीब 100 ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर है तो केवल क्षुद्रग्रह बेल्ट की हैसियत ही दुनिया के उत्पादन से करीब 8,000 गुना अधिक है।

# डिजिटल क्रांति: छत्तीसगढ़ में टेक्नोलॉजी से ट्रांसफॉरमेशन

(हीरा देवांगन)

**मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ डिजिटल इंडिया के सपने को साकार कर रहा है। राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों और तकनीकी नवाचारों के बल पर छत्तीसगढ़ डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंत्रालय से लेकर ग्राम पंचायतों तक डिजिटल तकनीक ने शासकीय कामकाज को आसान एवं प्रभावी बनाया है। प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से बुजुर्ग पेंशनरों, महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं को नगद आहरण की सुविधा दी जा रही है। विभिन्न योजनाओं की डीबीटी की राशि का ग्राम पंचायतों में ही नगद भुगतान की सुविधा होने से ग्रामीणों को बैंक शाखाओं तक नहीं जाना पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने मंत्रालयों और संचालनालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को सफलतापूर्वक संचालित करने के बाद अब जिलों में भी ई-ऑफिस का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्यालयीन कामकाज में कागजी कार्यवाही को न्यूनतम करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। इससे कार्यालयीन कामकाज में तेजी आई है एवं प्रक्रिया और पारदर्शी हुई है।**


प्रतीकात्मक फोटो

इस पहल से फाईलों के निपटारे में अनावश्यक लेटलतीफी दूर हुई है त्वरित निर्णय हो रहे हैं। 10 डिजिटल सेवाओं की शुरुआत से जमीन की रजिस्ट्री आसान और पारदर्शी हो रही है। आधार प्रमाणीकरण से अपाईमेंट लेकर घर बैठे जमीन एवं मकान की रजिस्ट्री कराई जा रही है। रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः पूरी हो जाती है।

राजस्व प्रशासन को दुरूस्त करने छत्तीसगढ़ के 14 हजार 490 गांवों का जियो रिफ्रेंसिंग का महत्वाकांक्षी कार्य पूरा हो चुका है। इस तकनीक से भूमि संबंधी विवाद दूर होंगे। खरीफ वर्ष 2025-26 में डिजिटल फसल सर्वेक्षण हेतु 14 हजार से अधिक गांवों का चयन किया गया है। ई-कोर्ट के माध्यम से राज्य में राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध एवं त्वरित निराकरण किया जा रहा है। साथ ही, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की रीयल-टाइम निगरानी की जा रही है। शासकीय खरीदी में पारदर्शिता के लिए जेम पोर्टल को अनिवार्य किया गया है, जिससे शासकीय खरीद प्रक्रिया में निष्पक्षता और जवाबदेही बढ़ी है।

प्रदेश के पेंशनरों के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और सुलभ बनाया गया है। पेंशनरों और कर्मचारियों के लिए डिजीलॉकर के माध्यम से महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे ई-पीपीओ, जीपीएफ स्टेटमेंट, अंतिम भुगतान आदेश और पेंशन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल के माध्यम से शासकीय कर्मचारियों की सेवा जानकारी को अद्यतन करने की प्रक्रिया को डिजिटल बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ एआई के क्षेत्र में दुनिया से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। नवा रायपुर में देश का पहला एआई डेटा सेंटर पार्क स्थापित होने से प्रदेश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। इससे आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस आधारित सेवाओं के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की नई पहचान बनेगी। छत्तीसगढ़ सरकार हर वर्ग तक डिजिटल सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीजीएमएससीएल द्वारा ऐप के माध्यम से राज्य की दवा आपूर्ति श्रृंखला को रीयल-टाइम में ट्रैक किया जा रहा है। विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में समय पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर यह ऐप स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बना रहा है।

खनिज विभाग द्वारा ऑनलाइन ट्रांजिट पास की सुविधा ने खनिजों के परिवहन को और अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाया है। सीएमओ पोर्टल की शुरुआत ने नागरिकों और सरकार के बीच संवाद को और मजबूत किया है। छत्तीसगढ़ सरकार की ये डिजिटल सेवाएं प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने के साथ ही नागरिकों के जीवन को भी आसान बना रही हैं। इससे गांवों से लेकर शहरों तक हर वर्ग को डिजिटल क्रांति का लाभ मिल रहा है।

लेखक जनसंपर्क संचालनालय के संयुक्त संचालक हैं।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 377: विराम अंक: वनवास पर निकले श्री राम का वन में प्रेम साम्राज्य

डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय



चित्रकूट में पर्णकुटी के लिए स्थान का चयन कर लिया गया है। लक्ष्मण जी अब पर्णकुटी का निर्माण शीघ्रातिशीघ्र कर लेना चाहते हैं। उन्होंने श्री राम और सीताजी से एक स्थान पर विराजने के लिए कहा और स्वयं कार्य में जुट गए। लक्ष्मण जी ने कुल्हाड़ी लेकर वन क्षेत्र के भीतर प्रवेश किया और अनेक वृक्षों की डालियों को चुन-चुनकर काटा। इसमें स्तंभ का काम करने के लिए उपयुक्त सीधी टहनियाँ थीं तो छज्जे के काम में प्रयुक्त हो सकने वाली कुछ टेढ़ी लकड़ियाँ भी थीं।

''वन प्रांतर में सभी चीजें मूल्यवान और उपयोगी हैं। अब मैं कुछ लताएँ भी एकत्र कर लूँ। रस्सियां कम पड़ जाने पर ये काम आएँगी।'' लक्ष्मण जी ने स्वयं से कहा।

उनकी बलिष्ठ भुजाएँ तेजी से लकड़ियों को काटकर एक स्थान पर एकत्र करने लगीं। लक्ष्मणजी ने एक मोटे पेड़ के तने से दो पहियानुमा गोल आकार बनाया और रस्सियों से एक अस्थाई हस्त वाहन का निर्माण कर लिया। फिर उन्होंने लकड़ीयों, टहनियों को रखा और वृक्षों के पत्ते एकत्र करने लगे।

थोड़ी देर बाद वे यह सब सामान लेकर पर्णशाला स्थल की ओर बढ़े।वहाँ उन्होंने स्वयं श्री राम को स्तंभों को गाड़ने के लिए चिह्नित स्थलों की फावड़े से खुदाई करते हुए देखा। सीता जी उनके समीप बाहर निकलने वाली मिट्टी को एक टोकरी में एकत्र करती जाती थीं। लक्ष्मण जी हतप्रभ रह गए। वे शीघ्रता के साथ उनके निकट पहुँचे।

''यह क्या भैया? आप यह कार्य क्यों करने लगे? और भाभी, आप यह क्या कर रही है? मैं स्वयं पहुंचकर यह कार्य शुरु करता।'' लक्ष्मण जी ने कहा।

''आश्चर्य क्यों लक्ष्मण? कार्य ही पूजा है। साधना है। तप है। यह श्रम करने से मुझे अति प्रसन्नता हो रही है। पर्णकुटी का निर्माण केवल तुम्हारा दायित्व नहीं है अनुज।'' श्रीराम ने कहा।

मुस्कुराती हुई सीताजी ने कहा, ''और श्रमदेव की आराधना मेरा भी तो कर्तव्य है देवर जी!''

लक्ष्मण जी भाव विभोर हो गए। लक्ष्मण जी ने अद्भुत पर्णकुटी का निर्माण किया। यह वृक्ष की लकड़ियों, पत्तों; टहनियों और रस्सियों से बनाया गया था। इसके मंडप, द्वार, गवाक्ष सभी आकर्षक हैं। भीतर से ये दोनों पर्णकुटियाँ वातानुकूलित हैं। इनमें वायु के प्रवाह और सूर्य के प्रकाश के पहुँचने की उपयुक्त व्यवस्था है। वनप्रांतर के अनेक नागरिकों ने इस कुटी के निर्माण में सहयोग का प्रस्ताव दिया और श्रीराम ने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया। वे किसी को निराश नहीं कर सकते हैं। चित्रकूट क्षेत्र में निवासरत ऋषि-मुनियों ने भी उनसे आकर भेंट की और उनके दर्शन पाकर स्वयं को धन्य माना। शुभमुहुर्त में श्री गणेश जी, अन्य देव मंडल तथा वास्तुदेवताओं की पूजा कर श्रीराम, सीताजी तथा लक्ष्मण जी ने मनोरम पर्णकुटी में प्रवेश किया। माता कैकेयी ने तो श्रीराम को वनवास दे दिया लेकिन श्री राम के लिए यह वन का राज्य बन गया। संपूर्ण अरण्य मानो उनके प्रेम साम्राज्य में परिवर्तित हो गया है। श्री राम जन-जन के मन में बसे हैं। उनकी कृपा संपूर्ण भारत वर्ष और समूची वसुधा को प्राप्त होती रहे। जय श्री राम।

(कथा विराम)

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है।इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

(एक लंबी कथा श्रृंखला का रूप ले चुकी श्री राम की इस प्रेरक गाथा को पढ़ने के लिए दैनिक दावा के सुधि पाठकों का आभार। वर्तमान में इस महाकथा को विराम दिया गया है। आगे स्वयं प्रभु श्री राम की इच्छा।)

## कविता

।। बरखा रानी आही।।
बरखा रानी आही,
झूमर- झूमर के गाना गाही
करिया - करिया बादर ह,
बारिस के महिमा सुनाही
रद- रद बरसही पानी
नइ बांचे परवा - छानी
लइका मन उछलही- कूदही
गाही, गोल-गोल रानी ।।
बारिश ह तन- मन ल भिजोही
सब झन के मन ला भाही।।
बरखा रानी 000000
चूहही ओदरही घर के छानी
बनही ओकर बूता
करिया बादर संग मंजूर नाचही
चिखला में सनाही जूता
झिमिर झिमिर - पानी लोगन के
अंतस ला जुड़ा जाही।।
बरखा रानी 00000
किसान के अरा- तता ले
गूंजही खेती - खार ,
भउजी गाही, करमा ददरिया
मेचका छेड़ही मल्हार।
नरवा-नदिया छलकत भागही
सडक पुलिया कमजोर बोहाही।
बरखा रानी 00000
भ्रष्टाचारी ठेकेदार के पोल खुलही
बिजली वाले के घलो, नक -मरही।
बारिश ह बनही सफाई दरोगा
काड़ी - कचरा के समोगा करही।
बिजुरी रानी चमक -चमक के
अंजोर सबों डहर बगराही
बरखा रानी 000000
बाम्हन चिरई अंगना म नहाही,
जुगनु रतिहा में टिमटिमाही
झिंगुर मेचका के टर -टर गाना -
बादर संग ताल मिलाही।
नवा-बहुरिया, डर म सिमटही
सजना के अंक समाही।।
बरखा रानी 00000
धरती के चोला हरियर होही ।
चिखला पानी म तिहार सुहाही,
बचपन के सुरता म सबके
मन ह सुलमुलाही।
पुलिया नदिया में पूरा चढ़ही
खेलौना कस मोटर गाड़ी बोहाही,
छेकाए रही लोगन रसदा म,
बारिश के नाव गोहराही।
करिया बादर ल गारी दीही
फेर बारिश के गुन गाही।।
बरखा रानी झूमर झूमर के,
संगीत के तान सुनाही।।


मानसिंह ''मौलिक'

## सामयिक चर्चा

### पुलिस यूँ बने कि बच्चा भी 'पुलिस जी नमस्ते'! कहे!


गजाधर को पहले से आकर,
अखबार पढ़ते देखकर,
बानी उत्सुक होकर, पूछ उठे -
''आपने हमारे शहर के ये समाचार पढ़े
कि बख्तावर चाल में
चोरी के आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े!
मालूम गजाधर!
कोतवाली थाना पुलिस ने
शहर के बख्तावर चाल में हुई
चोरी सहित नकबजनी के एक और मामले में
दो आरोपी सहित
दो अपचारी बालकों को भी
गिरफ्तार किया है।
पुलिस ने इन आरोपियों से
दो लाख चालीस हजार के जेवरात
और नगदी 45 हजार रूपया जब्त किया है।
गजाधर! ऐसई
पुलिस की सक्रियता
और चुस्ती की खबर पढ़ना
हमको सब अच्छा लगता है।
आपका मन क्या कहता है?''
गजाधर मुस्कराए, बोले-बानी!
पुलिस बड़ी मुस्तैदी से
जगह-जगह छापा मारी करेगी,
चोर, उचक्को, बदमाशों को पकड़ेगी
और जब तक जनता
उसकी उत्साहवर्धक खबर पढ़ेगी,
तब पुलिस, जनता की सचमुच
'शुभचिन्तक मित्र' बनेगी।
सड़क चलता बच्चा
भी तब नहीं डरेगा।
सामने आकर वह
पुलिस जी नमस्ते, कहेगा।''


गिरीश बख्शी


## (श्रद्धांजलि कविता)

### तोर सुरता आही दुबे

व्यंग बान के मारस ताना,
कठल- कठल के हंसावस खूबे।
छत्तीसगढ़ी भासा ल मान देवईया।
तोर बड़ सुरता आही,
डॉ.सुरेंद्र दुबे।।
मन के उज्जर तन के करिया।
बोली भाखा तोर छत्तीसगढ़िया।
सब गुनगुनाये कविता ल तोरे,
पढ़ें लिखे होय, या, नंगरिहा।
हास्य-व्यंग्य के तोर चर्चा होवय
नित संझा अऊ सुबे।
तोर सुरता आही दुबे......
देश-परदेश में जा के तैहां
छत्तीसगढ़ी में गोठियावस।
छत्तीसगढी ल प्रतिष्ठा देवस,
सबके मन ल, भावस।
अब तय हां खुद चुप्पे होगेस,
चूप्पे होगे सूबे।।
तोर सुरता आही दुबे....
जादू राहे तोर बोली - भाखा म।
संचालन के रहय बड़ जोर।
छत्तीसगढ़ी कविता तोर,
सबला मोहय,
राहय अबड़ सजोर।
हास्य-व्यंग्य के पुरोधा,, तोर
कविता म रहय सब डूबे।।
तोर सुरता आही दुबे ......
राजभाषा आयोग
के सचिव रेहेस
पद्मश्री से होए सम्मानित।
छत्तीसगढ़ी कविता
ल तोर भरोसा,
देश- दुनिया ह मानिस।
सूर- सूर मे ''शशि'' रहेस तै
दुनिया के आठवां अजूबे ।।
तोर बड़ सुरता आही,,
पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे।।
तोर सुरता आही ......


आनंदराम सार्वा
कु.बो.भाठागांव राजनांदगांव

## राशिफल


**मेष**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा , खर्च की अधिकता रहेगी। आज आप भौतिक सामानों की ख़रीद-फरोख्त कर सकते है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा, आज आपके बच्चे अच्छे से पढ़ाई करेंगे। सगे -संबधियों का आज आपके घर पर आना हो सकता है। आज आपको किसी व्यक्ति से विशेष उपहार मिलेगा। आज आप अपनी दिनचर्या से जुड़े सारे काम अच्छे से करेंगे। आज आपका मन आध्यात्म में ज्यादा लगेगा, जिससे आपको मानसिक सुख की प्राप्ति होगी।


**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहेगा। जो लोग आज किसी नए काम की शुरुआत करना चाहते है, आज उनके लिए दिन शुभ है। व्यापार में लाभ की स्थिति बढ़िया रहेगी , पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप अपने काम के सिलसिले में किसी दूसरे शहर की यात्रा पर जा सकते हैं, आज आपकी मुलाकात मित्र से होगी, कुछ पुरानी यांदे ताजा होंगी। आज आपको नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। आज आप किसी बड़े प्रोजेक्ट को लीड करेंगे, जिससे आपको बड़ी जिम्मेदारी का अहसास होगा। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा।


**मिथुन**


आज का दिन आपके लिए बेहतरीन साबित होगा। अगर आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे हैं तो आज अच्छा दिन है। वैवाहिक जीवन में कुछ नयी जिम्मेदारियों का आज आप अहसास करेंगे। बच्चों को लेकर ज्यादा सवेंदनशील होने की जरुरत नहीं है, आज वो अपना काम अच्छे से करेंगे। आज आपको सामाजिक समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण प्राप्त हो सकता है। लंबे समय से चली आ रही किसी समस्या का समाधान आज आपको जरुर मिलेगा। छात्रों के लिए आज का दिन ठीक है, आज उनको दोस्तों का सहयोग मिलेगा।


**कर्क**

आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। जिस काम के लिए आप काफी समय से परेशान चल रहे थे, आज वो काम पूरा हो जायेगा। ससुराल पक्ष से आज आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। टीवी डिबेट में आज आप सामने वालों को डोमिनेट करेंगे। डिजिटल दुनिया में आज आपको बड़ी सफलता मिलेगी। पड़ोसी के साथ आपके रिश्ते मधुर होंगे, आज आपका पड़ोसी आपकी तारीफ करेगा। आप किसी समारोह का आयोजन कर सकते है।


**सिंह**

आज का दिन आपके लिए मिला -जुला रहने वाला है। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगो को आज किसी बड़ी फिल्म का ऑफर मिल सकता है। जिससे अनुभवी व्यक्तियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। दांपत्य जीवन में सुधार होगा, बच्चों का सहयोग मिलेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा बीतेगा, आज आप लोग शॉपिंग करने जा सकते है। आज किसी मेहमान का आपके घर में आगमन हो सकता है। नौकरी का इन्तजार कर रहे लोगों को ,आज अच्छा ऑफर मिलेगा। आज घर से निकलते समय बड़ो का आशीर्वाद जरुर लें, सब अच्छा होगा।


**कन्या**


आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स का बिजनेस करने वालों को आज अच्छा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, घर-परिवार में सबसे रिश्ते मधुर होंगे। आज आपको जीवनसाथी से अच्छी खबर मिल सकती है। राजनीति से जुड़े हुए लोगो को आज वरिष्ठ व्यक्तियों से मिलने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आज आप धार्मिक यात्रा पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज बच्चे किसी चीज को लेकर जिद कर सकते है, आप उनको समझाने का प्रयास करें। आज आपकी नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बनती दिख रही है।


**तुला**

आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आप लाभ की स्तिथि में रहेंगे। जो लोग किसी स्टार्टअप को शुरू करना चाहते है, आज उनके पास बेहतरीन ऑफर मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी , बच्चों से खुशियां मिलेगी। अविवाहित व्यक्तियों के लिए आज अच्छा रिश्ता आएगा। लवमेट आज का दिन खुशी से बिताएंगे, आज आप लोग मूवी देखने जा सकते है। जो लोग सामाजिक कार्यक्षेत्र से जुड़े हुए है, उनको आज नयी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा।


**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। जो लोग प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते है, उनको आज बढ़िया डील मिलेगी। दोस्तों के साथ आज आप अच्छा समय बिताएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, उनको किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। मीडिया जगत से जुड़े हुए लोग आज किसी बड़ी खबर पर काम करेंगे, जिससे उनकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सर्तकता रखे, अपने खान -पान का ध्यान अवश्य रखें।
शुभ रंग- सफेद शुभ अंक- 04


**धनु**


आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, जिससे आपको बिजनेस में ग्रोथ मिलेगी। जीवनसाथी से रिश्ते मधुर होंगे। आज आप परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है। डिजिटल दुनिया से जुड़े लोगो को आज एक नयी दिशा मिलेगी, जिससे आप समाज के लिए कुछ बेहतर काम करेंगे। लंबे समय से चली आ रही किसी समस्या का समाधान होगा। आज आपकी रूचि आध्यात्म में ज्यादा रहेगी, जिससे आज आपको मानसिक शांति का अनुभव होगा।


**मकर**

आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने वालों को आज दोगना लाभ होगा। आज आप पैसों के लेन -देंन से बचकर रहे , किसी अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करे। रोजगार में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे, पारिवारिक माहौल खुशियों से भरा होगा। आज आपको ससुराल पक्ष से शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। छात्र आज किसी नए कोर्स को ज्वाइन कर सकते है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, जिससे आज आपको रोज की अपेक्षा बेहतर फील होगा।


**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी, जीवनसाथी के साथ आज आप डिनर पर जायेंगे। मेडिकल के स्टूडेंट को आज अनुभवी डॉक्टरों से मिलने का अवसर मिलेगा। कला जगत में संगीत से जुड़े हुए व्यक्तियों को आज एक नयी पहचान मिलेगी। आज आप घर के लिए कुछ नया सामान खरीद सकते है। आज आप दोस्त से मिलने उसके घर जा सकते है, कुछ विशेष काम को लेकर बाते होगी। आज आपका मन ध्यान में लगेगा, जिससे मानसिक उलझन से राहत मिलेगी।


**मीन**

आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आपके लाभ की स्थिति अच्छी रहेगी। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर अत्यधिक खर्च कर सकते है जमीन-जायदाद के मामले में आज आपको कोर्ट-कचहरी से बड़ी राहत मिलने वाली है। आज आप अपने घर पर किसी अनुष्ठान का आयोजन कर सकते है। आज का दिन छात्रों के लिए बेहतर रहेगा, शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। महिलाओं को आज किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।
शुभ रंग- ग्रे

# आज श्री बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित धर्मार्थ चिकित्सालय का शुभारंभ

### 0 पूर्व विधायक रामजी भारती व विनोद खांडेकर को अतिथि का दर्जा नहीं मिलना चर्चा का विषय

### 0 अतिथि बनने एवं निर्माण कार्यों की स्वीकृति वरिष्ठ नेताओं की अनुशंसा के बिना संभव नहीं होता




डोंगरगढ़ (दावा)। श्री बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ द्वारा संचालित मां बमलेश्वरी धर्मार्थ चिकित्सालय में डायग्नोस्टिक सेंटर (कंप्यूटराइज्ड लैब पैथोलॉजी, सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, डिजिटल एक्स-रे) का भव्य शुभारंभ एवं मंदिर ट्रस्ट समिति के प्रयासों से स्वीकृत वाय शेप ओवर ब्रिज का भूमि पूजन आज प्रातः 11:00 बजे नीचे मां बमलेश्वरी प्रांगण डोंगरगढ़ में होने जा रहा है।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह (विधानसभा अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण साव (उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़) द्वारा की जाएगी एवं विशेष अतिथि श्याम बिहारी जयसवाल स्वास्थ्य मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन, संतोष पांडे सांसद, लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव, श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल विधायक डोंगरगढ़ विधानसभा, रमन डोंगरे अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ होंगे।

डोंगरगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक व क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेताओं को विशेष अतिथि का दर्जा नहीं मिलने से जहां नेताओं के समर्थकों में आक्रोश व्याप्त है। वहीं दूसरी ओर सक्रियता के साथ कार्य करने वाले वरिष्ठ भाजपा नेताओं को विशेष अतिथि का दर्जा नहीं मिलने की घटनाक्रम को राजनीतिक आईने से देखा जा रहा है। हालांकि मंदिर ट्रस्ट की ओर से विशेष अतिथि बनने से चूक गए वरिष्ठ भाजपा नेताओं को मनाने अथवा संतुष्ट करने का प्रयास किया गया है।

प्रदेश में सत्ताधारी दलों के स्थानीय वरिष्ठ नेताओं की अनुशंसा के बिना प्रदेश के वरिष्ठ नेता किसी भी कार्यक्रम के लिए अपनी सहमति नहीं देते है, न हीं स्थानीय वरिष्ठ नेताओं के बिना वरिष्ठ नेताओं से मिलने का प्रयास किया जाता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम के अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिलने के लिए अनेक मर्तबा वरिष्ठ भाजपा नेता, प्रदेश भाजपा महामंत्री व पूर्व विधायक रामजी भारती के नेतृत्व में मां बमलेश्वरी ट्रस्ट समिति का प्रतिनिधि मंडल गया था। जो कि किसी भी कार्यक्रम में अतिथि की सहमति अथवा निर्माण कार्यों की अनुशंसा के लिए, वरिष्ठ नेताओं की सहमति व अनुशंसा के महत्व को दर्शाता है।

मंदिर ट्रस्ट और वरिष्ठ भाजपा नेता प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आए। उक्त संबंध में स्थानीय वरिष्ठ नेताओं व मंदिर ट्रस्ट समिति की ओर से प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया, किंतु सभी अपनी प्रतिक्रिया देने से बचते नजर आए।

### भर्रेगांव में भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा निकाली गई



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम भर्रेगांव मे भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ निकली। भक्तों ने बड़ी भक्ति और श्रद्धा के साथ भगवान जगन्नाथ प्रभु को रथ पर विराजमान किया। आज खास मौके पर भगवान जगन्नाथ महाप्रभु के साथ बहन सुभद्रा और बड़े भैया बलभद्र जी का विशेष श्रृंगार किया गया है। भगवान विराजमान हुए तो भक्तों ने भगवान की जयकारा लगाते हुए आरती उतारी। उसके बाद भक्तों ने हाथ में झंडा लहराते हुए नाचते गाते हुए एवं नन्हे मुन्ने कृष्ण ग्वाला बनकर नाचते हुए गली भ्रमण किया। भगवान को पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। इस दौरान भक्तगण बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# धर्मनगरी में धूम धाम से निकली जगन्नाथ रथयात्रा



### युवाओं ने दिखाया उत्साह, यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम महाप्रभु के रथ को सजाया गया ततपश्चात जगन्नाथ, सुभद्रा माता, बलभद्र महराज को रथ में विराजमान करा कर नगर भ्रमण कराया गया, जगह-जगह जगतनाथ भक्तों द्वारा रथ का स्वागत व पूजा अर्चना की गई वर्षो से चली आ रही परम्परा को पूर्ण किया प्रतिवर्ष ग्राम गाजमर्रा से 3 पीढ़ी से ग्रामवासी दे रहे है। सेवा नगर भ्रमण कर पुनः महावीर मन्दिर प्रांगण पहुची जहां यात्रा का समापन हुआ मुख्य मार्गो में रथ का पुष्प वर्षा कर व स्वल्पाहार वितरण कर स्वागत किया गया।

रथयात्रा नगर महावीर मंदिर प्रागण से प्रारंभ होकर ओवरब्रिज, थाना चौक बस स्टैंड, भगत सिंह चौक, श्री हनुमान चौक, सब्जी मंडी हाईस्कूल चौक बिंदल गली, बुधवारी पारा, रेलवे चौक टॉकीज चौक, नगर पालिका जयस्तंभ चौक, गोल बाजार से होते हुए महावीर मंदिर में रथयात्रा का समापन हुआ पर्व में महावीर मंदिर के महंत साकेत बिहारीदास, महंत श्याम सुंदर दास, प.आशीष शुक्ला, श्रेयस भैया, महराज चंदन वैष्णव रामजी तराने, हनी गुप्ता, रजत देशपांडे, हिमाशु गुप्ता, शुभम निर्मलकर, गोलू चौधरी, कमल किशोर शर्मा, अभिषेक साहू, पुष्प तराने, वरुण अग्रवाल, ओम देशमुख, शुभम देशमुख, पमु नामदेव, राजा अवधिया, आशु सेन, पिंकू राजपूत, सुजल सेन, वेदनस ताम्रकर, युवराज सिंह, ओम अग्रवाल, प्रवीण नामदेव, गोविंद यादव, इशांत राजपूत, एकेश राजपूत, आशु घिन्दौडे, शिवम यादव, प्रिंस नामदेव, आयु नामदेव, हिमांशु शुक्ला, हरि साहू, तेजस नामदेव, गाजमर्रा से छगनलाल, गंगाराम बखरू, सुनील, मन्नु, जय प्रकाश, रामप्रसाद, मनोज, कृष्णा, हरिचन्द, जयप्रकाश, दुर्गा प्रसाद, मंहगू, सुखराम, जगदीश, सुमित मिश्रा, आलोक प्रताप सिंह, प्रवीण शुक्ला, मोहित तराने सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थिति रहे।

## पहला कॉलम...

### कुलपति प्रो. डॉ. लवली शर्मा ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की



खैरागढ़ (दावा)। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के विश्वविद्यालय परिसर में पहुंचते ही कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। कुलपति शर्मा ने भगवान जगन्नाथ की रथ को अपने हाथों से खींचकर यात्रा को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया। इसके बाद भगवान जगन्नाथ के पथ को साफ कर शुद्ध जल से पथ को शुद्ध किया और भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की पूजा-अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान कुलपति ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

### आज गोंड़वाना वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस कार्यक्रम

**मंत्री रामविचार नेताम होंगे मुख्य अतिथि**

छुरिया (दावा)। गोंडवाना विरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह कार्यक्रम 28 जून शनिवार को समय दोपहर 2 बजे सामुदायिक भवन छुरिया में कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रामविचार नेताम कृषि मंत्री, अध्यक्षता एमडी ठाकुर अध्यक्ष केंद्रीय गोंडवाना महासभा धमधागढ़, अति विशिष्ठ अतिथि नीलकंठ गढ़े महासचिव केंद्रीय गोंडवाना माहासभा धमधागढ़, विष्णुदेव ठाकुर प्रवक्ता केंद्रीय गोंडवाना महासभा धमधागढ़, विशेष अतिथि मदन नेता अध्यक्ष ध्रुव गोड समाज महासभा ओडारबांध, रमेश उईके संचालक ध्रुव गोंड महासभा ओडारबांध, राजेश्वर धुर्वे सह संचालक ध्रुव गोंड महासभा ओडारबांध, संतोष पड़ोती अध्यक्ष ध्रुव गोंड समाज तहसील इकाई डोंगरगढ़, श्रीमती किरण रविंद्र वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव, संजय सिन्हा अध्यक्ष जनपद पंचायत छुरिया, अनीता मंडावी सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव, बिरमबाई मंडावी सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव, प्रशांत कोडापे सदस्य जिला पंचायत, अजय पटेल अध्यक्ष नगर पंचायत छुरिया, चंद्रिका प्रसाद ड़डसेना उपाध्यक्ष जिला भाजपा, कामता प्रसाद साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल छुरिया, खिलेश्वर साहू अध्यक्ष भाजपा मंडल गैंदाटोला आदि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम आयोजन समिति के अध्यक्ष शेरसिंह गोडिया ने स्वजाति बंधुओं व आसपास के ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

### जेवरतला सब स्टेशन में पौधारोपण



हरदी (दावा)। जिले में हरियाली बढ़ाने और पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के उद्देश्य से बिजली विभाग द्वारा सभी सब स्टेशन में पौधा रोपण अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जेवरतला सब स्टेशन में भी पौधारोपण किया गया। इस अभियान में विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का नेतृत्व जिले के नोडल अधिकारी नियुक्त के.एल. साहू द्वारा किया गया। उनके साथ जेई कुमारी नीलम, विश्वास जायसवाल मौजूद रहे। इस दौरान बिजली विभाग के सभी कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभाग द्वारा अब तक जिले के सभी स्टेशन में 300 से अधिक पौधारोपण किया जा चुका है। पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लेने वाले कर्मचारियों में लाईन मेन चेतन साहू, मुकेश मालेकर, दिनेश सिन्हा सुरेश साहू, खिलेश साहू, नरेंद्र साहू और नूतन कुमार भूआर्य शामिल रहे। बिजली विभाग का यह अभियान न केवल हरियाली बढ़ाने की दिशा में एक सार्थक पहल है, बल्कि यह समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक और प्रेरित करने का भी कार्य कर रहा है।

### जलाशयों को मछली पालन हेतु पट्टे पर दिए जाने हेतु 10 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत आने वाले बनभेड़ी, नारूबांध, खुर्शीपार, चुहिया नाला, गुगेरी नवागांव, गिरगांव एवं उरईडबरी सिंचाई जलाशय को मछली पालन हेतु 10 वर्षीय पट्टे पर देने हेतु 10 जुलाई 2025 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। जलाशय को पट्टे पर लेने हेतु इच्छुक एवं पात्र समिति, समूह एवं व्यक्ति निर्धारित तिथि तक कार्यालय जनपद पंचायत डोंगरगांव में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। जलाशयों को अनुबंध निष्पादन की तिथि से 15 जून 2035 की अवधि तक मत्स्य पालन मत्स्याखेट एवं मत्स्य विक्रय हेतु 10 वर्ष के लिए लीज दिया जाएगा।

# भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



छुईखदान (दावा)। रियासतकालीन प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर जमात पारा छुईखदान में आषाढ़ शुक्ल दूज 27 जून शुक्रवार को भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र भैया एवं बहन सुभद्रा मैइया एक साथ सिंहासन पर बैठाकर तोरण-पताका से सजे रथ पर सवार होकर रथयात्रा को पूरे शहर में भ्रमण कराया गया। जस गीतों की प्रस्तुति भले बिराजें हो उड़ीसा जगन्नाथ पुरी में ठाकुर भले बिराजें हो आदि सैकड़ों गीतों की प्रस्तुति सहित भगवान बेड़ी हनुमान जी का निशान-पताका लेकर भक्तिभाव से रथ के रस्सी को भक्तजन खींचते हुए जय श्री जगन्नाथ स्वामी के जयघोष करते हुए रथयात्रा निकाली गई।

राजपरिवार के सदस्य लतारानी व लाल जे.के. वैष्णव ने पूजा करने पश्चात जानकारी दी कि मंदिर परिसर में भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की विधिवत पूजा-आरती कर रथ पर बिठाया गया। तत्पश्चात बैरागी पारा, राजमहल चौंक, बाजार लाईन, ब्राह्मण पारा, महोबिया पारा, जयस्तंभ चौक मेनमार्केट, कंडरा पारा होते हुए हजारों भक्तों की भीड़ सहित मंदिर परिसर पहुंची। राजमहल चौंक में राजा गिरिराज किशोर वैष्णव एवं रानी नम्रता देवी वैष्णव अध्यक्ष नगर पंचायत छुईखदान ने विधिवत पूजा अर्चना की। भगवान श्री हनुमान जी के प्रतीक निशान माधव शास्वत दास ने पकड़कर भ्रमण में शामिल रहे। रथयात्रा के समय सभी भक्त महिलाएं पुरुष, बच्चे अपने घर के द्वार पर भगवान को पाकर खुशी से जयकारे लगाते पुष्पांजलि अर्पित कर श्रीफल भेंटकर आनंदित होते हुए अपने घर के सामने रथयात्रा की रस्सी खींचकर शामिल होते रहे। जय श्री जगन्नाथ सेवा समिति छुईखदान द्वारा प्रतिवर्षानुसार विशाल भंडारा लगाकर महाप्रसाद, पूड़ी सब्जी हल्वा, प्रसाद वितरण किया गया। संजय लल्ला ने बताया कि स्वतंत्रता के पूर्व से स्थापित रियासत कालीन भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर में परंपरा अनुसार शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के भक्त शामिल रहते हैं। रथयात्रा पर्व पर प्रसाद गजामूंग एक दूसरे को खिलाकर महाप्रसाद, गजामूंग आदि मितान बनाकर पीढ़ी दर पीढ़ी निभाई जाती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ग्राम पंचायत करमरी में वृक्षारोपण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुई



छुरिया (दावा)। 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम अंतर्गत जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने ग्राम पंचायत करमरी में वृक्षारोपण व भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुई। जहां 100 से अधिक वृक्षों का एक जगह वृक्षारोपण किया गया। साथ ही इस अवसर पर तालाब किनारे शेड निर्माण व सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, जिला पंचायत सभापति गोपाल भुआर्य भी उपस्थित थे।

उक्त कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने संबोधित करते हुए कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें हर वर्ग चाहे बच्चे हो चाहे बड़े सभी एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्ष लगाने का काम कर रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जैसे एक मां अपने बच्चों को संस्कार खिखाती है। अच्छा शिक्षा अध्ययन कराती है। उसका पालन-पोषण कर उसे बड़ा करती है। ठीक उसी प्रकार हम सभी वृक्षारोपण कर वृक्ष लगा रहे हैं। हम सभी को उसकी सुरक्षा व देखभाल करनी है। ताकि जब वृक्ष बड़ा होगा तो उससे हमें भी फल-फूल व शुद्ध आक्सीजन प्राप्त होगा। श्रीमती वैष्णव ने सभी से आवाहन किया है कि अधिक से अधिक वृक्षों का वृक्षारोपण कार्य करें एवं अपने आसपास व समाज के साभी लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करें। इस अवसर जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष चन्द्रिका डड़सेना, राधेलाल जोशी जनपद सदस्य प्रतिनिधि, हिरदेराम देवांगन मंडल अध्यक्ष, विमला सिन्हा सोसायटी अध्यक्ष, नैन सिंह पटेल, भूपेंद्र नायक पूर्व जनपद सदस्य, दीनदयाल साहु संरपच, कोमल सिन्हा संरपच, सोहन साहु,विरेन्द्र कुमार, श्रीमती फुलवंती बाई, श्रीमती मनीषा निर्मलकर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

# पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव में पहुंचे जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल



**शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने अतिथियों समक्ष रखी मांग**

छुरिया (दावा)। पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल में नवीन सत्र में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सचिन सिंह बघेल, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती किरण वैष्णव, जिला पंचायत अध्यक्ष, कार्यक्रम विषेश अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय सिन्हा, नगर पंचायत अध्यक्ष अजय पटेल, जिला महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती बिरमा बाई मंडावी मंडल अध्यक्ष कांता साहू, सुरेन्द्र सिंह भाटिया, शेखर भारद्वाज, मनभावन सिंह ऊइके, राजेश्वर ध्रुवे, नैन सिंह पटेल, कौशल कुंभकार आदि इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम शुभारंभ मां सरस्वती के तैल चित्र में माल्यार्पण दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

मुख्य अतिथि सचिन सिंह संबोधित करते हुए कहा, शिक्षकों के द्वारा शिक्षा दिया जा सकता है, संस्कार बच्चों में माता पिता दे सकते हैं, देश में 2014 के बाद व्यापक परिवर्तन आया है, 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बनेगा, रोजगार के आज बेहतर अवसर है, सिर्फ उस दिशा में कदम बढ़ाने की जरुरत है। मोबाइल का इस्तेमाल सिर्फ पढ़ाई के लिए करें, मोबाइल का अधिक उपयोग करने से अपनी प्रतिभा नहीं निखार सकते, इसलिए पढ़ाई पूरी ईमानदारी व शिद्दत के साथ करें, छुरिया पीएमश्री स्वामी आत्मानंद शिक्षक बेहतर व अनुभवी हैं। एक हजार बच्चे जिस स्कूल में अध्ययनरत हो तो स्कूल की पढ़ाई व्यवस्था बेहतर होने के कारण वनांचल के बच्चे पढ़ाई करने यहां आते हैं, जो भी स्कूल की समास्या उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण वैष्णव ने कहा कि बच्चों के प्रथम गुरु माता-पिता है, हम जैसे आचरण करते वैसे बच्चे सीखते हैं। घर में कोई बड़े बुजुर्ग का सेवा कर रहा है, बच्चे उसको अनुसरण करते हैं। घर का वातावरण शुद्ध पवित्र हो तो आपके बच्चे संस्कारवान व गुणवान बनने से कोई रोक नहीं सकता। बच्चे स्कूल शिक्षक द्वारा उनके भविष्य को गढ़ने काम करते हैं, लेकिन अपने बच्चों के प्रति सजगता का परिचय देते हुए उनके भविष्य को संवारने काम माता पिता का है। जिला भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका प्रसाद डड़सेना ने कहा आज इस मंच में बैठे नेता सभी इस स्कूल में शिक्षा अध्ययन किए हुए हैं। निश्चित ही ब्लाक मुख्यालय का सबसे बेहतर स्कूल है। यहां से तीन होनहार विद्यार्थी, शिक्षाग्रहण कर विधायक बने, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने अतिथियों के सामने स्कूल की समास्याओं से अवगत कराया। संस्था के प्राचार्य धनेश सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच का संचालन शिक्षक योगेश साहू ने किया। नवप्रवेशी बच्चों को पुस्तक का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। साथ ही सायकल का वितरण छात्र-छात्राओं किया गया। 'एक पेंड मां के नाम' से शाला परिसर में रोपित किया गया। इस अवसर में शाला परिवार के सभी शिक्षकगण, पालकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### नया अछोली के प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। विकासखंड के ग्राम अछोली के पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला नया अछोली में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष रामप्रसाद वर्मा, उपाध्यक्ष प्रेमदास साहू, शिक्षाविंग सदस्य भरत लाल साहू, शाला विकास समिति एवं पंचायत प्रतिनिधि सुप्रिया रानी गुप्ता, खिलेश्वरी साहू, दुलारी बाई साहू, निशा बाई गोंड़, रामोतिन भाई गोंड़, भुनेश्वर साहू, शैलेंद्र साहू, भूनुदास सतनामी, प्रीतमदास साहू, प्रधान पाठक मोहनलाल साहू, शिक्षिका भारती देवांगन, अर्चना टंडन, रेणुका बेउरा, श्रीमती मिताली सिंह, ललित कुमार साहू की उपस्थिति में सर्वप्रथम माँ सरस्वती के तैल चित्र पर पूजा-अर्चना के पश्चात नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर पुस्तकें व गणवेश वितरित कर उनका स्वागत किया और वहीं श्रीमती सुप्रिया रानी गुप्ता द्वारा जो प्रवेशित बच्चों को पेन वितरण किया गया। शाला विकास समिति के पदाधिकारी ने स्कूल के विद्याधियों को नियमित रूप से स्कूल आने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों और ग्रामवासियों को शिक्षा के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव है और समाज की प्रगति का मूल हैं। इस बच्चों को बच्चों के पालकगण के साथ-साथ माताएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया गया।

# एसडीएम ने विभागीय कार्यो की समीक्षा हेतु पंचायत सचिवों की ली बैठक



छुरिया (दावा)। जनपद पंचायत छुरिया के सभाकक्ष में आयोजित पंचायत सचिवों की समीक्षा बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अनुभाग-डोंगरगांव द्वारा विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यो की प्रगति के संबंध में समीक्षा की गई है। समीक्षा बैठक अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत वर्ष 2016-17 से 2022-23 स्वीकृत अपूर्ण आवास, वर्ष 2024-25 में स्वीकृत अप्रारंभ आवास, वर्ष 2024-25 में स्वीकृत प्रगतिरत आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत स्वीकृत आवास में सोख्ता गड्ढा निर्माण की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा उपरांत अप्रारंभ आवास को अविलम्ब प्रारंभ करने एवं प्रगतिरत आवास निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया है।

मनरेगा अंतर्गत वृक्षारोपण कार्य, इंजेक्शन वेल, आंगनबाड़ी निर्माण कार्यो की प्रगति की समीक्षा एवं जल संवर्धन एवं संरक्षण अंतर्गत बोरी बंधान कार्य, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण (ग्रामीण) 2025, सप्ताहिक स्वच्छता तिहार, एसएलडब्ल्यूएम की क्रियाशीलता एवं उपयोगिता, व्यक्तिगत शौचालय की पूर्णता/डीबीटी एवं 15वे वित्तमद योजनांतर्गत स्वच्छग्राही समूहों को प्रोत्साहन राशि/स्वच्छता कीट वितरण करन की समीक्षा की गई। इसी प्रकार अन्य विभागीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गई। प्रगतिरत निर्माण कार्यो को शीघ्र ही समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक में बैठक में अनुपस्थित पंचायत सचिवों को कारण बताओं नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया गया। इस समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत छुरिया, तहसीलदार छुरिया, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा छुरिया, उप अभियंता, तकनीकी सहायक एवं योजना/शाखा प्रभारी बैठक में उपस्थित रहें।

# सर्व मारवाड़ी समाज के परिचय सम्मेलन की बैठक में बनी सहमति



**आज से शुरु परिचय सम्मेलन में शामिल होंगे क्षेत्र के लोग**

डोंगरगढ़ (दावा)। आगामी 28 व 29 जून को महाराष्ट्र के गोंदिया में आयोजित सकल मारवाड़ी समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन में डोंगरगढ़ से भी लोग भाग लेंगे। गोंदिया से सकल मारवाड़ी समाज के पदाधिकारी विगत दिवस स्थानीय अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल की अध्यक्षता में रखी गई एक बैठक में शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से सर्व मारवाड़ी समाज के अविवाहित युवक युवतियों के परिचय सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल होने व सहयोग देने का आव्हान गोंदिया से आए समाज के पदाधिकारियों ने किया।

बैठक में गोंदिया से पुरुषोत्तम ओमप्रकाश मोदी, नरेश बंग, जयंत अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, तन्मय अग्रवाल, अमन अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी पहुंचे। बैठक में मुख्य रूप से समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण अग्रवाल गौशाला कमेटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सिद्ध गोपाल नरेड़ी, बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, ओसवाल समाज के अध्यक्ष मनोज भंडारी, माहेश्वरी समाज के प्रतिनिधि व मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष अनिल शर्मा, अग्रवाल समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल ने अपने विचार रखें तथा परिचय सम्मेलन को सफल बनाने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मूल रूप से यह बात रखी गई कि परिचय होगा तो संबंध होंगे इसी मूल मंत्र पर कार्य करने पर सहमति बनी। लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने सर्व मारवाड़ी समाज से सहयोग का अनुरोध किया तथा गोंदिया से पधारे अतिथियों को भरोसा दिलाया कि डोंगरगढ़ से पूरा सहयोग मिलेगा।

कार्यक्रम का सफल संचालन सचिव महेंद्र अग्रवाल ने किया। बैठक में मधुसूदन नरेडी, प्रकाश नरेड़ी, संजीव वशिष्ट, जगन्नाथ अग्रवाल, छेदुलाल अग्रवाल, मनोज दम्मानी, पारस चौरडिया, नितिन पचेरीवाला, गणेश नरेड़ी, चेतन अग्रवाल, मनीष दरगड़, कैलाश गोयल, पूनम बिंदल, नवदीप अग्रवाल, अजय बिंदल, संतोष चोपड़ा, आनंद अग्रवाल, अशोक पुरोहित सहित सर्व मारवाड़ी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। सभी ने सर्वसम्मति से सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

# पहला कॉलम...

## पीपीएफ में पैसा लगाने वालों का कम हो सकती हैं ब्याज दरें

नई दिल्ली। आरबीआई ने इस साल रेपो रेट में 100 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है, जिस वजह से ये अटकलें लगाई जा रही हैं कि जुलाई में होने वाली अगली समीक्षा में पब्लिक प्रोविडेंट फंड की ब्याज दर 7प्रतिशत से नीचे जा सकती है।

कुछ एक्सपर्ट्स का कहना है कि सरकारी बॉन्ड की गिरती यील्ड और ब्याज दर तय करने के फार्मूले इस कटौती की ओर इशारा कर रहे हैं, वहीं कुछ का मानना है कि राजनीतिक और व्यवहारिक कारणों से सरकार इतनी जल्दी कोई बड़ा फैसला नहीं लेगी। अभी आरबीआई की ब्याज दर 7.10त्न है, जो कि 10 साल के सरकारी बॉन्ड की औसत यील्ड से जुड़ी होती है। श्यामला गोपीनाथ कमेटी के फार्मूले के अनुसार, आरबीआई की ब्याज दरें 10 साल के सरकारी बॉन्ड की औसत यील्ड से 25 बेसिस प्वाइंट ज्यादा होनी चाहिए। अभी यह यील्ड करीब 6.325त्न पर है, जिससे हिसाब लगाकर आरबीआई की दर लगभग 6.575त्न बनती है यानी मौजूदा दर से करीब 52.5 बेसिस प्वाइंट कम है। इस ब्याज दर में कटौती की चर्चा आरबीआई की मौद्रिक नीति में नरम रुख के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इस साल ऋद्ध ने फरवरी और अप्रैल में 25-25 बेसिस प्वाइंट और जून में 50 बेसिस प्वाइंट की कटौती की है, जिससे रेपो रेट 6.5त्न से घटकर 5.5त्न हो गया है। इसी के साथ 10 साल के सरकारी बॉन्ड की यील्ड भी जनवरी में 6.779त्न से घटकर जून में 6.247त्न हो गई है। हालांकि, सभी लोग यह नहीं मानते कि सरकार क्क्त्न की ब्याज दरों में तुरंत कटौती करेगी।

## खैबर पख्तूनख्वा में एक ही परिवार के 18 लोग स्वात नदी में समाए

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की स्वात नदी में एक ही परिवार के 18 लोग डूब गए हैं। इससे हाहाकार मचा है। घटना शुक्रवार की है। यहां की स्वात नदी में अचानक आई बाढ़ में एक ही परिवार के कम से कम 18 लोग डूब गए, जिसमें से चार लोगों के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि अन्य की तलाश जारी है। बचाव अभियान के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

च्रेस्क्यू -1122ज् के महानिदेशक शाह फहाद के हवाले से कहा गया, च्पांच अलग-अलग स्थानों पर बचाव अभियान जारी है और च्रेस्क्यू 1122ज् के 80 कर्मी अभियान में शामिल हैं।ज्ज् शुरूआती जानकारी के अनुसार, यह परिवार इस क्षेत्र में घूमने आए पर्यटकों के समूह का हिस्सा था और भारी बारिश के कारण नदी का जलस्तर बढ़ने पर उसमें फंस गया था। स्वात नदी यहां पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी क्षेत्र में बहती है। प्राधिकारियों ने बताया कि लापता हुए अन्य लोगों को खोजने के लिए वृहद तलाश अभियान अब भी जारी है।

## कुत्ता के मांस पर दक्षिण कोरिया सरकार ने लगाया बैन

सियोल । दुनिया विचित्रताओं और विभिन्नताओं से भरी पड़ी है। हम एक ऐसे ही विचित्र देश की बात कर रहे हैं, जहां के लोगों का प्रिय भोजन कुत्ता है। यह सुनकर आप चौंक रहे होंगे। मगर ये सच है। इस देश का नाम है दक्षिण कोरिया। अब इस देश की सराकर ने कुत्तों की मांस बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। लिहाजा पूरे देश में हाहाकार मच गया है। क्योंकि कुत्तों पर आधारित बहुत बड़ा व्यवसाय और इससे जुड़े लोगों के बीच हड़कंप मच गया है। दक्षिण कोरिया ने कुत्तों पर बैन लगाने का ऐतिहासिक फैसला वैसे तो जनवरी 2025 में ही ले लिया था, मगर अब इसके क्रियान्वयन को लेकर रणनीति बनाई जा रही है। सरकार के इस फैसले ने दक्षिण कोरिया की सदियों पुरानी सांस्कृतिक परंपरा को झकझोर दिया और देश के कृषि समुदाय में हलचल मचा दी है। कुत्ते के मांस उद्योग पर पूरी तरह से प्रतिबंध फरवरी 2027 तक लागू होगा। इस कदम को देश की नेशनल असेंबली ने सर्वसम्मति से पारित किया, जो इस व्यापार के हर चरण – प्रजनन, वध, वितरण और उपभोग – को अपराध घोषित करता है।

## आईसीसी ने 6 विकेट लेने वाले गेंदबाज पर लगाया जुर्माना

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला बारबाडोस के मैदान पर खेला जा रहा है। इस मैच में विंडीज टीम के तेज गेंदबाज जायडेन सील्स जिनका गेंद से अब तक शानदार प्रदर्शन देखने को मिला है, उनपर आईसीसी का बड़ा एक्शन देखने को मिला है। पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन के खेल के बाद आईसीसी ने जायडेन सील्स की मैच फीस 15 फीसदी तक काटने का फैसला लेने के साथ उनके खाते में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ा है। सील्स ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस का जब पहले दिन के खेल में विकेट हासिल किया तो उनके जश्न मनाने के तरीके पर आईसीसी की तरफ से ये एक्शन लिया गया है। विंडीज टीम के तेज गेंदबाज जायडेन सील्स ने आईसीसी की तरफ से लगाए जुर्माने पर अपनी गलती मान ली है। सील्स ने आईसीसी की आचार संहिता के लेवल-1 नियम का उल्लंघन किया है, जिसके चलते उनके खाते में एक डिमेरिट प्वाइंट भी जोड़ा गया है।

# मिश्रित दिव्यांगता टी20 सीरीज में भारत ने इंग्लैंड को दी मात



नई दिल्ली। भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम ने बुधवार को लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर मिश्रित दिव्यांगता की सात मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच में इंग्लैंड को आखिरी ओवर में दो विकेट से हरा दिया। यह अवसर ऐतिहासिक था क्योंकि यह क्रिकेट का मक्का पर पहला अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगता मैच था। यह मैच मिश्रित दिव्यांगता दिवस पर खेला गया।

इसके अलावा इस मैच की तारीख, स्थान और रिजल्ट सभी ने एक जबरदस्त संयोग बनाया। दरअसल, 25 जून 1983 को लॉर्ड्स के मैदान पर ही भारत ने कपिल देव की कप्तानी में वेस्टइंडीज को हराकर वनडे वर्ल्ड कप जीता था। अब इसी तारीख और लॉर्ड्स के ही मैदान पर भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम ने मैच जीतकर यादगार बना दिया। इंग्लैंड पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 123 रन बनाए। भारत ने 19.1 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 124 रन बनाकर मैच जीत लिया।

भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद के महासचिव रवि चौहान ने कहा, हम अपनी टीम की ऐतिहासिक जीत कपिल देव सर की टीम की 1983 विश्व कप विजेता टीम को समर्पित करते हैं।

सोमवार को लंदन में भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर दिलीप दोशी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए दोनों टीमों ने मैच के दौरान काली पट्टियां पहनी थीं। संयोग से 25 जून को %विश्व मिश्रित विकलांगता दिवस% भी मनाया जाता है। लॉर्ड्स में यह मैच क्रिकेट विकलांगता दिवस का हिस्सा था और विकलांगता क्रिकेट का अब तक का सबसे बड़ा एकल प्रदर्शन था।

यह पहली बार था जब भारत और इंग्लैंड की मिश्रित विकलांगता टीमें लॉर्ड्स में खेली थीं। एमसीसी, ईसीबी और लॉर्ड्स टैवर्नर्स द्वारा आयोजित यह मैच इस सीरीज का शोपीस इवेंट था। भारत की मिश्रित दिव्यांग टीम पहले दो मैच हारने के बाद अब सीरीज में 2-1 से पीछे चल रही है। सीरीज में अभी चार मैच बचे हैं।

मैच की बात करें तो इंग्लैंड की तरफ से ब्राउन ने 77 रन की उम्दा पारी खेली। विक्रांत केनी के जबरदस्त कैच के चलते ब्राउन की पारी समाप्त हुई। भारत की तरफ से विवेक कुमार और कप्तान रवींद्र संते ने तीन-तीन विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने के दौरान भारत की तरफ से साई आकाश ने 44 रन की पारी खेली।

## रोनाल्डो पर पैसों की बरसात; हर साल मिलेंगे 2000 करोड़ रुपए और प्राइवेट जेट का खर्च

नई दिल्ली। क्रिस्टियानो रोनाल्डो की गिनती दुनिया के दिग्गज फुटबॉलर्स में होती है। उनकी फुर्ती मैदान पर देखते ही बनती है। मैदान पर उनकी मौजूदगी ही फैंस में एक अलग उत्साह जगाती है। उन्होंने साल 2022 से सऊदी प्रो लीग में अल-नासर क्लब के साथ करार किया था। उनका अनुबंध जून 2025 में समाप्त होने वाला था। अब उन्होंने अल-नासर क्लब के साथ नया करार किया है। इसी के साथ उनके यूरोपियन फुटबॉल में वापसी करने वाली सभी अटकलों पर पूर्ण विराम लग गया है।



क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि एक नया अध्याय शुरू हुआ। वही जुनून, वही सपना। आइए मिलकर इतिहास बनाएं। वहीं अल-नासर क्लब की तरफ से बताया गया है कि रोनाल्डो का करार अब 2027 तक बढ़ा दिया गया है।

टॉस्क स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक अल-नासर के अनुबंध के बाद रोनाल्डो को हर साल 178 मिलियन पाउंड (लगभग 2000 करोड़ रुपए हर साल) मिलेंगे। इसके अलावा उन्हें दूसरे भत्ते भी दिए जाएंगे। इसके अलावा अगर अल-नासर खिताब जीतती है, तो उन्हें 8 मिलियन अलग से दिए जाएंगे। वहीं 24.5 मिलियन उन्हें साइनिंग अमाउंट मिलेगा। इसके अलावा अस-नासर क्लब उनके लिए 4 मिलियन के निजी जेट का खर्च भी उठाएगा।

## संविधान से समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष की जरूरत नहीं- शिवराज सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह ने देश में लगाए गए आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर इस दौरान संविधान में हुए बदलावों को खत्म करने की वकालत की। उन्होंने बताया कि भारतीय संस्कृति में समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष की भावना पहले से निहित है। ऐसे में संविधान में इन शब्दों की जरूरत नहीं है। शिवराज ने कहा कि इन दोनों शब्दों को संविधान से हटाने को लेकर विचार जरूरी किया जाना चाहिए।



शिवराज से पूछा गया कि भारतीय संविधान से समाजवाद और धर्मनिरपेक्ष शब्द को हटाने की बात चल रही है, इस पर आपका क्या कहना है? इसके जवाब में उन्होंने प्राचीन ग्रंथों का हवाला देते हुए कहा कि दोनों शब्दों में निहित भावनाएं पहले से ही भारतीय संस्कृति का हिस्सा हैं। इन शब्दों को संविधान से हटाने को लेकर विचार जरूर किया जाना चाहिए। शिवराज सिंह ने कहा पहले तो मैं ये कहना चाहता हूं कि बाबा विश्वनाथ की धरती पर बैठा हूं। भारत अत्यंत प्राचीन और महान राष्ट्र है और भारत का मूल भाव सर्वधर्म सद्भाव है। ये भारत है जिसने आज नहीं हजारों साल पहले कहा एकम सद्विप्रा बहुधा वदन्ति सत्य एक है विद्वान उसे अलग-अलग तरीके से कहते हैं। ये भारत है जो कहता है मुंडे मुंडे मतिर्भिन्ना अलग-अलग भाव का भी आदर करने वाला, उपासना पद्धति कोई हो।

## शेयर बाजार : सेंसेक्स और निफ्टी ने लगाई लंबी छलांग

नई दिल्ली। भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत आज 27 जून को तेजी के साथ हुई. हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ही बढ़त के साथ खुले हैं. सेंसक्स की 30 कंपनियों में से 27 कंपनियों के शेयर हरे निशान पर खुले.निफ्टी 50 में से 46 कंपनियों के शेयर भी तेजी के साथ हरे निशान पर खुले. शेयर बाजार में लौटी इस रौनक के बीच आज डिक्सन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के शेयर 4 परसेंट से अधिक की बढ़त के साथ 14,950 रुपये पर कारोबार कर रहे हैं, जो पिछले बंद भाव 14321.20 रुपये के मुकाबले 620 रुपये ज्यादा है. डिक्सन के शेयरों में आई इस तेजी के पीछे ब्रोकरेज फर्म नोमुरा की दी गई रेटिंग है. नोमुरा ने न केवल डिक्सन के स्टॉक पर %खरीदें% की अपनी रेटिंग बरकरार रखी।

## आज से भारत-इंग्लैंड टी20 सीरीज का आगाज वर्ल्ड कप से ठीक पहले मचेगा धमाल

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच कई सीरीज चल रही हैं. एक तरफ जहां भारत की मेन्स टीम इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रही है. वहीं वूमेन्स टीम अब टी20 सीरीज खेलने जा रही है. भारत-इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम के बीच कल शनिवार, 28 जून से पांच मैचों की टी20 सीरीज का आगाज होने वाला है.



### भारत-इंग्लैंड के बीच टी 20 सीरीज

भारत-इंग्लैंड के बीच इस सीरीज का पहला मैच 28 जून को नॉटिंघम में खेला जाएगा, जो कि भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा.इस टी20 सीरीज का दूसरा मैच 1 जुलाई को ब्रिस्टल में खेला जाएगा, जो कि भारतीय समयानुसार रात 11 बजे शुरू होगा. टी20 सीरीज का तीसरा मैच 4 जुलाई को लंदन में होगा, जो कि भारतीय समयानुसार रात 11 बजकर 5 मिनट पर शुरू होगा. भारत-इंग्लैंड के बीच इस सीरीज का चौथा मैच 9 जुलाई को मैनचेस्टर में खेला जाएगा, जो कि भारतीय समयानुसार रात 11 बजे खेला जाएगा. इस सीरीज का आखिरी और पांचवां मैच 12 जुलाई को बर्मिंघम में खेला जाएगा. ये मैच भारतीय समयानुसार रात 11 बजकर 5 मिनट पर शुरू होगा.

### भारतीय टीम का स्क्वाड

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, श्री चरणी, शुचि उपाध्याय, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़ और सयाली सतघरे.

### इंग्लैंड टीम का स्क्वाड

नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट (विकेट कीपर), लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फिलर, एमी जोन्स (विकेट कीपर), पैगे स्कोल्फील्ड, लिन्सी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज और इसी वोंग.

## मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय के प्रचार में जुटे एथलीट और बॉलीवुड हस्तियां

मेरठ । मेरठ के सलावा में बन रहे मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का प्रचार जोर पकड़ रहा है। फिल्मी हस्तियों के बाद अब पैरा एथलीट दीपा मलिक भी इससे जुड़ गई हैं। 70त्न से ज्यादा कार्य पूरा हो चुका है।



सलावा में बन रहे प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय का 70 प्रतिशत से अधिक निर्माण कार्य पूरा हो चुका है और अब प्रचार-प्रसार का काम भी जोर पकड़ रहा है। फिल्म अभिनेता और एथलीट व पैरा एथलीट खेल विश्वविद्यालय के प्रचार को लेकर वीडियो जारी कर रहे हैं। जिन्हें विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी अपलोड किया गया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस विवि की नींव रखी थी और इसका निर्माण कार्य अगस्त 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और खेल मंत्री खुद इसके कार्यों की निगरानी कर चुके हैं। अब यह विवि फिल्मी सितारों और खिलाड़ियों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित कर रहा है। अभिनेता जैकी श्रॉफ, चंकी पांडे और रणदीप हुड्डा जैसे कलाकार पहले ही प्रचार से जुड़ चुके हैं। इनकी क्लिप विवि की वेबसाइट पर अपलोड की गई हैं। अब पैरा एथलीट दीपा मलिक भी प्रचार अभियान से जुड़ गई हैं।

## वैश्विक अनिश्चितताएं बढ़ने के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत : आरबीआई



नई दिल्ली। हाल ही में जारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मासिक आर्थिक बुलेटिन के अनुसार, मई 2025 के लिए वैश्विक अनिश्चितता के बीच अलग-अलग हाई-फ्रिक्वेंसी इंडीकेटर्स भारत में औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधि की ओर इशारा करते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कृषि ने 2024-25 के दौरान अधिकांश प्रमुख फसलों के उत्पादन में व्यापक आधार पर वृद्धि दर्ज की। घरेलू कीमतों की स्थिति सौम्य बनी हुई है और मई में लगातार चौथे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि वित्तीय स्थितियां ऋण बाजार में दरों में कटौती के ट्रांसमिशन की सुविधा के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिर स्थिति में है, जो व्यापार नीति अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनावों में वृद्धि के दोहरे झटकों से जूझ रही है। हालांकि, घरेलू मोर्चे पर, मई में जारी अनंतिम अनुमानों ने 2024-25 में भारत की वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने की पुष्टि की है, जिसमें चौथी तिमाही में महत्वपूर्ण क्रमिक वृद्धि होगी। मई के लिए अलग-अलग हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स औद्योगिक और सेवा क्षेत्रों में मजबूत आर्थिक गतिविधि के संकेत देते हैं। परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआई) के लिए सर्वे किए गए देशों में भारत में गतिविधि में समग्र विस्तार सबसे अधिक रहा, जिसमें मई में देखे गए नए निर्यात ऑर्डर में विस्तार अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में देखे गए कॉन्ट्रैक्शन के बीच एक अपवाद था।

मई के लिए कुल मांग के हाई-फ्रिक्वेंसी इंडिकेटर्स ने भी ग्रामीण मांग में वृद्धि का सुझाव दिया। कंज्यूमर सेंटीमेंट के दूरदर्शी सर्वेक्षण वर्तमान अवधि के लिए स्थिर उपभोक्ता विश्वास और भविष्य के बारे में बेहतर आशावाद दिखाते हैं। आरबीआई बुलेटिन में कहा गया है कि वैश्विक आर्थिक, व्यापार और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद ये सभी भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दिखाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू मुद्रास्फीति सौम्य बनी हुई है और मई में लगातार चौथे महीने हेडलाइन मुद्रास्फीति लक्ष्य से नीचे रही।

2024-25 के कृषि सत्र में रिकॉर्ड घरेलू फसल उत्पादन खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति में तेज और निरंतर कमी का संकेत दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, अस्थिर और ऊंचे सोने और चांदी की कीमतों के प्रभाव को छोड़कर कुछ नरमी के संकेतों के साथ स्थिर कोर मुद्रास्फीति यह दर्शाती है कि अंतर्निहित मुद्रास्फीति दबाव शांत बना हुआ है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि इकोनॉमिक आउटलुक, टैरिफ संबंधी समाचार और विकसित होते घरेलू परिदृश्य पर वैश्विक संकेतों के कारण उतार-चढ़ाव के बावजूद मई-जून के दौरान इक्विटी बाजारों में मामूली वृद्धि दर्ज की गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**कोलकाता के लॉ कालेज में छात्रा से....**

ले जाने को कहती रही, लेकिन आरोपियों ने मदद नहीं की। राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस मामले पर स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने कोलकाता पुलिस को पत्र लिखकर जांच में तेजी और निष्पक्षता की मांग की है। साथ ही महिला आयोग ने BNS की धारा 396 के तहत पीड़िता को मुआवजा दिए जाने, मेडिकल, मानसिक और कानूनी मदद करने और 3 दिन के भीतर जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए हैं। यह मामला 2024 में आरजी कर हॉस्पिटल सामूहिक दुष्कर्म और मर्डर केस की याद दिलाता है। उस मामले में डॉ. संजय रॉय को उम्रकैद और 50 हजार जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। दूसरी घटना भी कोलकाता में डॉक्टरों और महिलाओं की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करती है। इस मामले की पारदर्शी जांच और पीड़िता को न्याय दिलाना अब प्राथमिकता बन गया है।

**पुरी जगन्नाथ यात्राः भारी भीड़ में फंसने....**

कि पर्याप्त चिकित्सा सहायता उपलब्ध है और देखभाल की जरूरत वाले लोगों की जांच करने के लिए अस्पताल का दौरा करूंगा. हर साल होने वाले इस रथोत्सव में देश ओर दुनियाभर से महाप्रभु जगन्नाथ के लाखों भक्त तीर्थ नगरी पुरी पहुंचते हैं. इस दौरान भगवान जगन्नाथ, उनके भाई-बहन भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथों को 12वीं शताब्दी के पुरी जगन्नाथ मंदिर से लगभग 2.5 किलोमीटर दूर गुंडिचा मंदिर तक हाथों से खींचकर लाया जाता है. भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा एक सप्ताह तक गुंडिचा मंदिर में रहते हैं और फिर इसी तरह के जुलूस में वापस जगन्नाथ मंदिर के गर्भ गृह में लौटते हैं. गुंडिचा मंदिर त्रिदेवों के मौसी का घर माना जाता है. यह वर्ष का वह समय है जब महाप्रभु स्वयं अपने भक्तों से मिलने के लिए अपने निवास (जगन्नाथ मंदिर) से बाहर आते हैं. इस समय तीथ नगरी पुरी जय जगन्नाथ और हो भक्ते के नारों से गुंजायमान रहती है. मंगल आरती और विधि विधान से पूजा-पाठ करने के बाद भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भगवान बलभद्र को 12वीं शताब्दी के मंदिर से निकालकर सिंह द्वार पर खड़े उनके रथों नंदी घोष, दर्पदलन और तालध्वज पर विराजमान किया गया. घंटियां, शंख और झांझ बजाते हुए चक्रराज सुदर्शन को सबसे पहले मुख्य मंदिर से बाहर निकाला गया और देवी सुभद्रा के दर्पदलन रथ पर विराजित किया गया. श्री सुदर्शन भगवान विष्णु का चक्र अस्त्र है. पुरी में विराजमान महाप्रभु जगन्नाथ, भगवान विष्णु के ही रूप हैं.

**महाप्रभु हमारे लिए अराध्य भी हैं...**

पावन अवसर पर आप सभी को बहुत-बहुत बधाई। साथ ही, प्रधानमंत्री ने अपने एक अन्य पोस्ट में आषाढ़ी बीज के विशेष अवसर पर दुनियाभर के कच्छी समुदाय के लोगों को भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, आषाढ़ी बीज के विशेष अवसर पर, विशेष रूप से दुनिया भर के कच्छी समुदाय को शुभकामनाएं। आने वाला वर्ष सभी के लिए शांति, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य लेकर आए। बता दें कि देशभर में प्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली जाती है। वहीं, ओडिशा के पुरी की यात्रा सबसे बड़ी होती है। ओडिशा के पुरी से शुरू हुई यह जगन्नाथ यात्रा गुंडिचा मंदिर तक जाएगी। यह यात्रा 12 दिनों तक चलेगी। इसका समापन 15 जुलाई को नीलाद्रि विजय के साथ होगा, जब भगवान अपने मूल मंदिर लौटेंगे। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, भगवान जगन्नाथ साल में एक बार अपनी बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र के साथ अपनी मौसी के घर गुंडिचा मंदिर जाते हैं। इस यात्रा की तैयारी महीनों पहले शुरू हो जाती है। इस यात्रा के दौरान कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं।

**राहुल गांधी ने संघ और भाजपा पर....**

को नष्ट करने की साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आरएसएस का सुझाव संविधान की आत्मा पर जानबूझकर किया गया हमला है। वहीं कांग्रेस नेता और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में दत्तात्रेय होसबले के संविधान की प्रस्तावना में बदलाव संबंधी बयान को संविधान विरोधी सोच का खुला प्रमाण बताया। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू यादव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपनी नाराजगी जताते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) को देश का सबसे जातिवादी और नफरत फैलाने वाला संगठन करार दिया। उन्होंने लिखा, देश के सबसे जातिवादी और घृणा फैलाने वाले संगठन RSS ने संविधान को बदलने की मांग की है।

**रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रूसी....**

इसमें रक्षा उत्पादन बढ़ाने को लेकर बात हुई। इसमें वायु रक्षा, हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, आधुनिक क्षमताओं और हवाई प्लेटफार्मों के उन्नयन पर चर्चा हुई। बैठक में प्रमुख तौर पर एस-400 सिस्टम की आपूर्ति, एसयू-30 एमकेआई के विकास और समय सीमा में महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर की खरीद पर भी बात हुई। राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्होंने और बेलोसोव ने दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर चर्चा की। उन्होंने एक्स पर लिखा कि किंगदाओ में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक के दौरान रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलोसोव से मिलकर खुशी हुई। हमने भारत-रूस रक्षा संबंधों को बढ़ाने पर गहन विचार-विमर्श किया। इससे पहले चीनी रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय मुद्दों पर बात की। साथ ही मधुबनी पेंटिंग भेंट की। वहीं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में साझा बयान पर साइन करने से इनकार कर दिया क्योंकि इसमें हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र तक नहीं था, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी।

**रायपुर में निकली भगवान जगन्नाथ....**

बुहारकर रथ यात्रा का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा को रथ तक ले जाकर विराजित किया। रथ यात्रा के लिए भारत में ओडिशा राज्य प्रसिद्ध है। ओडिशा का पड़ोसी राज्य होने के कारण छत्तीसगढ़ में भी इस उत्सव का व्यापक प्रभाव है। आज निकाली गई रथ यात्रा में भगवान जगन्नाथ, उनके भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा की विशेष विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी के अनुसार उत्कल संस्कृति और दक्षिण कोसल की संस्कृति के बीच यह एक अटूट साझेदारी का प्रतीक है। ऐसी मान्यता है कि भगवान जगन्नाथ का मूल स्थान छत्तीसगढ़ का शिवरीनारायण तीर्थ है, जहां से वे जगन्नाथ पुरी में स्थापित हुए। शिवरीनारायण में ही त्रेता युग में प्रभु श्रीराम ने माता शबरी के प्रेमपूर्वक अर्पित मीठे बेर ग्रहण किए थे। यहां वर्तमान में नर-नारायण का भव्य मंदिर स्थापित है।

**पूर्व सीएम शिबू सोरेन को आया ब्रेन स्ट्रोक....**

सोरेन की हालत जानने के लिए झारखंड से कई मंत्री और कांग्रेस नेताओं ने भी दिल्ली पहुंचकर हालचाल लिया है, लेकिन सुरक्षा एवं चिकित्सकीय दिशा-निर्देशों के चलते सभी को मुलाकात की अनुमति नहीं दी जा रही। शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर झारखंड में लोगों की ओर से दुआओं का दौर जारी है। राज्य के विभिन्न मंदिरों, मस्जिदों और गिरजाघरों में उनके शीघ्र स्वस्थ होने के लिए विशेष प्रार्थनाएं की जा रही हैं। बता दें कि गुरुवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अस्पताल जाकर उनका हालचाल जाना था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई नेता और कार्यकर्ता शीघ्र उनके स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं। रघुवर दास ने भी हेमंत सोरेन को फोन कर उनके पिता शिबू सोरेन की जानकारी ली है। शिबू सोरेन के बीमार होने के बाद से सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन, विधायक बसंत सोरेन लगातार दिल्ली में ही डेरा डाले हुए हैं।

**छत्तीसगढ़ में रेल सुविधाओं के साथ....**

रायगढ़, बाराद्वार, चाम्पा, नैला, जांजगीर, अकलतरा, कोरबा, उसलापुर, पेंड्रा रोड, बैकुंठपुर रोड, बिलासपुर, महासमुंद, जगदलपुर के स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 47 हजार करोड़ रूपए की लागत से स्वीकृत रेल परियोजनाओं का निर्माण किया जा रहा है। इनमें प्रमुख परियोजनाएं इस प्रकार है- राजनांदगांव-नागपुर तीसरी लाइन लम्बाई 228 किमी, छत्तीसगढ़ में 48 किमी, लागत 3544.25 करोड़, बिलासपुर-झारसुगुड़ा चौथी लाइन, लंबाई-206 किमी, छत्तीसगढ़ में 153 किमी, लागत 2135.34 करोड़, खरसिया-धरमजयगढ़ नई रेललाइन, लंबाई-162.5 किमी, लागत 3438.39 करोड़, गौरेला-पेंड्रा रोड-गेवरा रोड परियोजना, लंबाई 156.81 किमी, लागत 4970.11 करोड़, केन्द्री-धमतरी एवं अभनपुर-राजिम आमान परिवर्तन, लंबाई-67.20 किमी, लागत- 544 करोड़, बोरिडांड-अम्बिकापुर दोहरीकरण, लंबाई 80 किमी, लागत-776 करोड़, चिरमिरी-नागपुर न्यू हॉल्ट लाइन, लंबाई-17 किमी, लागत-622.34 करोड़ रूपए शाामिल हैं। भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन (140 किमी) परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस परियोजना पर 3513.11 करोड़ रुपए की लागत आएगी। यह निर्णय बस्तर अंचल के सामाजिक, आर्थिक और औद्योगिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। रावघाट-जगदलपुर रेललाइन की मंजूरी से बस्तर अंचल में यात्रा, पर्यटन, व्यापार और रोजगार की सम्भावनाएं बढ़ेगी। यह रेल परियोजना नक्सलवाद के उन्मूलन की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। बस्तर में केके रेल लाईन (कोत्तवलसा से किरंदुल) दोहरीकरण का काम तेजी से चल रहा है। 446 किलोमीटर लम्बाई के रेल लाईन का 170 किलोमीटर हिस्सा छत्तीसग? में है। छत्तीसग? में इस रेल लाईन का 148 किलोमीटर दोहरीकरण कार्य पूर्ण हो चुका है। कोठागुडेम (तेलंगाना) से किरंदुल तक प्रस्तावित 160.33 किमी लंबी नई रेललाइन के फाइनल लोकेशन सर्वे कार्य को केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृति मिलने के बाद सर्वे अब अंतिम चरण में है। इस प्रस्तावित रेललाइन का 138.51 किमी हिस्सा छत्तीसगढ़ के सुकमा, दंतेवाड़ा और बीजापुर से होकर गुजरेगा, जो अब तक रेल कनेक्टिविटी से वंचित रहे हैं। यह परियोजना न केवल आवागमन को सरल बनाएगी, बल्कि इन जिलों के सामाजिक-आर्थिक विकास में भी क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। छत्तीसगढ़ में अम्बिकापुर-बरवाडीह 200 किलोमीटर लागत 9718 करोड़, खरसिया-नया रायपुर-परमलकसा नई रेल लाइन 278 किलोमीटर लागत 7854 करोड़, रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन 140 किलोमीटर लागत 3513 करोड़, सरदेगा-भालूमाड़ा नई रेललाइन 37.24 किलोमीटर लागत 1282 करोड़ रूपए और धरमजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा 301 किलोमीटर लागत 16,834 करोड़ रूपए रेल परियोजनाओं का डीपीआर तैयार हो रहा है। धरमजयगढ़-लोहरदगा और अंबिकापुर-बरवाडीह रेल परियोजना के लिए सर्वेक्षण का काम अंतिम चरण में।

# भारतीय जैन संगठना महिला शाखा राजनांदगांव के सौजन्य से 'स्मार्ट गर्ल' कार्यशाला का सफल आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 21-22 जून (शनिवार-रविवार) को जैन स्थानक भवन राजनांदगांव में संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय कार्यशाला का संचालन प्रशिक्षिका श्रीमती मंजूषा चोपड़ा द्वारा किया गया। कार्यशाला में 13 से 19 वर्ष की आयु वर्ग की 22 जैन बालिकाओं ने सक्रिय भागीदारी करते हुए अपने आत्मविश्वास संवाद क्षमता एवं जीवन कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यशाला प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित हुई। जिसमें दोपहर के भोजन एवं हाई-टी की उत्तम व्यवस्था भी की गई थी। बालिकाओं ने हर सत्र में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नेतृत्व भावनात्मक समझ आत्म-सुरक्षा एवं जीवन मूल्यों की गहराई से समझ अर्जित की और बच्चों के माता-पिता का भी सहयोग रहा।



आयोजन में विशेष सहयोग कार्यक्रम प्रमुख अभिषेक ओसवाल (दुर्ग), स्टेट हेड स्मार्ट गर्ल वर्कशॉप छत्तीसगढ़ कार्यक्रम ट्रेनर श्रीमती मंजूषा चोपड़ा, राजनांदगांव मार्गदर्शक एवं स्टेट को-ऑर्डिनेटर श्रीमती शांता कोटडिया, बी.जे.एस. पुरुष शाखा राजनांदगांव की ओर से प्राप्त विशेष सराहनीय सहयोग-पूर्व राज्य अध्यक्ष संतोष सावा, अध्यक्ष राकेश पारख, उपाध्यक्ष आकाश चोपड़ा, सचिव संजय सांखला, कोषाध्यक्ष ऋषभ नाहटा, ललित भंसाली पूर्व रीजनल प्रेसिडेंट, रीजनल प्रेसिडेंट दीपक नवलखा, रीजनल सेक्रेटरी दीपक गिड़िया, महिला शाखा की विशेष भूमिका-अध्यक्ष श्रीमती संगीता बैद, सचिव श्रीमती वर्षा बाफना, कोषाध्यक्ष श्रीमती कविता कोटडिया, मंच संचालन श्रीमती बरखा बाफना, कार्यक्रम की सफलता में समर्पित सहभागिता देने वाली अन्य सदस्याएं श्रीमती रेखा कोटडिया, श्रीमती मधु डाकलिया, श्रीमती वर्षा पारख, श्रीमती दीपिका पारख, श्रीमती अंशू संचेती, श्रीमती स्नेहा जैन, श्रीमती श्रद्धा बोथरा, श्रीमती चंचल जैन, श्रीमती निर्मला कोठारी, श्रीमती हर्षा बोहरा, श्रीमती स्वर्णलता बरड़िया, श्रीमती सारिका बाफना, श्रीमती सुनीता गोलछा, श्रीमती संगीता बोहरा, श्रीमती चंदन लूनिया, श्रीमती प्रियंका गिड़िया, श्रीमती अनीता जैन, श्रीमती नीलम डाकलिया, श्रीमती मोना बैद, श्रीमती मोनिका बाफना एवं श्रीमती ममता कोटड़िया, श्रीमती सरोज कोटड़िया, खुशबू ढ़ेलड़िया, आदिति कोचर आदि रहे।

स्मार्ट गर्ल केवल एक कार्यक्रम नहीं एक संकल्प है। यह एक ऐसा मंच है, जहाँ हर बालिका को अवसर मिलता है, खुद को समझने, संवारने और समाज में अपनी विशेष पहचान बनाने का। स्मार्ट गर्ल का उद्देश्य केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं बल्कि जीवन के हर मोर्चे पर सशक्त, सक्षम और संवेदनशील बनाना है। आज की युवती जागरूक भी है, साहसी भी और यही स्मार्ट गर्ल असली पहचान है।

बी.जे.एस. महिला शाखा राजनांदगांव आप सभी के समर्पण और सहयोग के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करती है एवं ऐसी प्रेरणादायी कार्यशालाओं के माध्यम से समाज की बेटियों को सशक्त बनाने का यह सुंदर प्रयास अनवरत चलता रहे यही शुभकामना है।

# आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन

मोहला (दावा)। आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आपातकाल स्मृति दिवस संविधान हत्या दिवस के तहत छाया चित्र प्रदर्शनी का आयोजन आज जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के वन धन केंद्र मोहला में किया गया।




○ जिला पंचायत अध्यक्ष सहित एनसीसी, एनएसएस जनप्रतिनिधियों ने किया अवलोकन ○मीसाबंदी के.के. मेरिया को किया गया सम्मानित

इस अवसर पर आयोजित छायाचित्र प्रदर्शनी में आपातकाल कालखंड के महत्वपूर्ण घटनाक्रमों, जनआंदोलनों, सेंसरशिप और लोकतंत्र की रक्षा के लिए किए गए संघर्षों को प्रदर्शित किया गया। जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह, पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि मदन साहू, अनिल गुप्ता, दिलीप वर्मा, पवन गुप्ता, लखन कलाम, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी विजेन्द्र सिंह पाटले सहित स्कूली एनसीसी और एनएसएस के कैडेट ने अवलोकन किया। सभी ने छायाचित्र प्रदर्शनी से आपातकाल के दौरान भारतीय लोकतंत्र के काला अध्याय से रूबरू हुए। यह दिवस लोकतांत्रिक मूल्यों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की महत्ता का पुनः स्मरण कराया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह ने मिशाबंदी के.के.मेरिया को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, जिला स्तरीय अधिकारीगण सहित कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से उस कालखंड की घटनाओं को गंभीरता से देखा और लोकतंत्र की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# दुर्गावती है नारी शौर्यता की प्रतीक बूचाटोला में मना बलिदान दिवस

कल्लूबंजारी (दावा)। गत 25 जून को आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ग्राम इकाई बूचाटोला के तत्वावधान में छुरिया विकास खंड के आदिवासी बाहुल्य वनांचल ग्राम बूचाटोला के गोंड़ पारा में स्थित गोंड़वाना भवन प्रांगण में गोंड़वाना वीरांगना रानी दुर्गावती बलिदान दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया।



कार्यक्रम के मुख्यअतिथि कोयतुर गोंड़ समाज के ब्लाक प्रवक्ता दिलीप कोरेटी रहे,अध्यक्षता स्थानीय ग्रामप्रबंधक चन्द्रभान दर्रो ने किया। विशेष अतिथि सर्कल उपाध्यक्ष अनिल हारमें, महिला प्रभाग के सर्कल सचिव समेबाई तुलावी, वरिष्ठ समाजिक कार्यकर्ता सोनसाय कल्लो, इन्द्रु तुलावी एवं कुमलाल कल्लो रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ रानी दुर्गावती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सेवा अर्जी के साथ हुआ पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि दिलीप कोरेटी ने कहा कि रानी दुर्गावती नारी शौर्यता की प्रतीक है। हर भारतीय नारी को रानी दुर्गावती को अपना आदर्श मानकर अन्याय, अत्याचार एवं शोषण के खिलाफ संघर्ष करना चाहिए। आजकल आदिवासी समाज की महिलाओं के साथ ज्यादती बढ़ गयी है।

पीड़ीत आदिवासी महिलाओं को रानी दुर्गावती के पदचिन्हों पर चलकर ज्यादतियों का विरोध करना चाहिए। श्री कोरेटी ने महिलाओं को रानी दुर्गावती की तरह अपने घर -परिवार, समाज एवं सत्ता के संचालन में अग्रणी भूमिका निभाने का आव्हान किया। अध्यक्ष की आसंदी से चन्द्रभान दर्रो ने कहा कि कोयतुर गोंड़ समाज एवं समाज की मूल संस्कृति संक्रमण काल की दौर से गुजर रही है। ऐसे स्थिति में कोयतुर गोंड़ समाज के लोगों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को बनाये रखने की आवश्यकता है। अलगाववादी विचारधारा के लोग कोयतुर गोंड़ समाज को तोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। हमें ऐसे ताकतों से सावधान रहकर अपनी सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को बनाये रखना है। सभा को संबोधित कर अनिल हारमें, समेबाई तुलावी, कुमलाल कल्लो, इन्द्रु तुलावी, सोनसाय कल्लो, चन्द्रकुमार दर्रो, सुहाता हारमें एवं भावना कोरेटी ने उपस्थित लोगों को रानी दुर्गावती के आदर्शों को आत्मसात करने का आव्हान किया। स्वागत भाषण चन्द्रकुमार दर्रो, सफल संचालन रूपेश कल्लो एवं आभार प्रदर्शन सुरेन्द्र कोला ने किया। युवा-युवती एवं महिलाओं का गोंड़ी पोशाक विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से धनसाय नेताम, छबिलाल हारमें,मुनका तुलावी, गनील हारमें, राजू नेताम,मीना हारमें, सीता नेताम, हठियारिन तुलावी, मेहतरीन हारमें, सुमित्रा सलामें, सिरमो बाई कोरेटी, सुमन कोरेटी, मेहतरू सलामें, नवलसिंह कुंजाम, डारन बाई कुंजाम, रूपनाथ हारमें, लीला सलामें, पल्टीन सलामें, खुमन सलामें, परसादी नुरूटी, प्रेमजीत कोरेटी, बसंती दर्रो, संजय कुमार नेताम, ओमप्रकाश सलामें, खुलेश्वर सलामें, निराशा नेताम, हरीश नेताम, सत्यवती सलामें, निराशा कल्लो, फुलेश्वरी कुंजाम, समोतीन सलामें, तामेश्वरी नेताम, पुनई कोरेटी, प्रेमबाई कोला, भावेश्वरी हारमें, लीला दर्रो, नीलिमा नेताम, तनिश सलामें, केशर सलामें, संतारो सलामें, प्राची सलामें आदि सहित आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज के लोग सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत हायर सेकेंडरी तिलईरवार में पौधारोपण सम्पन्न

तिलईरवार (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए अभियान 'एक पेड़ मां के नाम' से प्रेरित होकर इस संस्था में भी पौधारोपण का कार्य किया गया। विद्यालय के यूथ एवं इको क्लब प्रभारी शिक्षक व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य छात्र-छात्राओं को प्रकृति से जोड़ना और पर्यावरण के महत्व के बारे में समझाना, पेड़ पौधे हमारे स्वस्थ्य जीवन में कितना महत्वपूर्ण है।



पेड़ पौधे वातावरण को स्वच्छ रखने में कितना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं, इन सभी के बारे में बहुत ही सारगर्भित ढंग से बताया गया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की सहभागिता से लगभग 10 से 12 गमलो में पौधारोपण किया गया। और लगभग 16 पौधे फलदार, छायादार पौधों का विद्यालय परिसर में रोपण किया गया। प्राचार्य महोदय अशीम कुमार यदु ने बताया कि यह पौधारोपण का कार्य छात्र-छात्राओं को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने और उन्हें प्रकृति से जोड़ने का एक शानदार तरीका है।

आज विद्यालय परिसर में लगभग 250 से भी अधिक फूलदार, फलदार, छायादार एवं औषधि पौधे सुरक्षित है जो विद्यालय में हरियाली का प्रतीक बना हुआ है। साथ ही साथ सभी बच्चों को अपने-अपने घरों में भी एक पेड़ मां के नाम सभी लगाएं, अपने गांव में भी पौधारोपण कर और उसकी देखभाल करें। क्योंकि पेड़ है तो कल है। और अंत में सभी छात्र-छात्राओं को एवं स्टॉफ सदस्यों को सघन वृक्षारोपण कार्य के लिए उसकी देखभाल के लिए शपथ दिलाया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य महोदय अशीम कुमार यदु, थंगेश्वर कुमार साहू, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश कुमार नेताम, जितेंद्र कुमार कश्यप, नोहर दास लीलहारे, पालक राम वर्मा हरिचंद यादव, अशीष मसीह, दानेश्वर कुमार साहू एवं छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर शहर में निकाली गई जन-जागरूकता रैली

राजनांदगांव (दावा)। शहर में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर जन-जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक सहित पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों के साथ दिग्विजय कॉलेज एनसीसी के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का उद्देश्य नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाना बताया गया।



रैली में दिग्विजय कॉलेज के एनसीसी बच्चे एवं पुलिस विभाग द्वारा दिया नशा मुक्त भारत का संदेश

इस दौरान दिग्वजय कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स एवं पुलिस कर्मियों ने मिलकर 'नशा छोड़ो, जीवन संवारो', 'नशा मुक्त समाज-सुरक्षित राष्ट्र' जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया गया। रैली शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए आम जनता को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सचेत करती रही वहीं लोगों को नशा से दूर रहने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संदेश दिया। बता दें कि 26 जून अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स मुकेश ठाकुर के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर द्वारा दिग्विजय कॉलेज के एनसीसी बच्चों एवं पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जो शहर के विभिन्न चौक चौराहों से होते हुये पुनः वापस दिग्विजय कॉलेज में समापन हुआ। इस दौरान एनसीसी स्कूली बच्चों एवं पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा 'नशा छोड़ो, जीवन संवारो', नशा मुक्त समाज-सुरक्षित राष्ट्र' जैसे नारों के साथ लोगों को जागरूक किया गया रैली शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए आम जनता को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया।

# विशेष शिक्षा व सांकेतिक भाषा में करियर का सुनहरा अवसर:सीआरसी में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ



राजनांदगांव (दावा)। सीआरसी ठाकुरटोला राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु दो वर्षीय डिप्लोमा इन स्पेशल एजुकेशन एवं डिप्लोमा इन इंडियन साइन लैंग्वेज इंटरप्रेटर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया 12 जून से 12 जुलाई तक जारी है। यह प्रशिक्षण विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के साथ काम करने और भारतीय सांकेतिक भाषा में विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इच्छुक अभ्यर्थी राष्ट्रीय बीईईआर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सीमित सीटों के कारण विद्यार्थियों से अनुरोध है कि वे समय रहते फॉर्म भरें। पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता, पाठ्यक्रम संरचना और शुल्क संबंधी विस्तृत जानकारी बीईईआर पोर्टल पर उपलब्ध है। यह कोर्स न केवल रोजगार के नए अवसर प्रदान करता है, बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने की दिशा भी प्रशस्त करता है। अधिक जानकारी के लिए गजेन्द्र कुमार साहू मो. 91653-14300, पुनीतराम साहू मो. 97535 91841 पर संपर्क करे। ये कोर्स दिव्यांगजनों की सेवा में समर्पित भविष्य निर्माण की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

# महाविद्यालय में संविधान हत्या दिवस पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती के निर्देशन एवं राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर के नेतृत्व में 26 जून को संविधान हत्या दिवस के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय लोकतंत्र, संविधान की महत्ता और उसके संरक्षण की आवश्यकता से अवगत कराना था।



आपातकाल को संविधान की आत्मा पर आघात माना जाता है - डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर

प्रतियोगिता का विषय था संविधान हत्या दिवस। निबंध प्रतियोगिता में एम.ए. राजनीति विज्ञान के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल द्वारा तीन श्रेष्ठ निबंधों का चयन किया गया जिसमें कु. रूपाली नेताम ने प्रथम, मोबिन साहू ने द्वितीय एवं किसन कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों ने संविधान, नागरिक अधिकारों और स्वतंत्रता के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर ने अपने संबोधन में कहा कि 26 जून 1975 को भारत में आपातकाल लगाया गया था, जिसे संविधान की आत्मा पर आघात माना जाता है। यह दिन देश के लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के संकल्प के रूप में मनाया जाना चाहिए।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे संविधान को सिर्फ पढ़े ही नहीं, बल्कि उसके मूल्यों को जीवन में आत्मसात भी करें। इस प्रकार यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए संविधान की गंभीरता को समझने और उसकी रक्षा के लिए प्रेरित करने वाला सिद्ध हुआ। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल से प्राध्यापकगण जी.के. यादव, एच.आर.पदमें एवं श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी उपस्थित रही।

# सफाई दरोगा, वार्ड प्रभारी संघ गठित



राजनांदगांव (दावा)। 51 वार्ड वाले इस नगर निगम के सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारीयों ने संयुक्त बैठक आयोजित कर संगठन बनाया है। यह संगठन सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारियों की समस्याएं सुलझाने व मांग पूरी करवाने शासन-प्रशासन के समक्ष आवेदन करने का काम करेगा।

सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारी संघ का संगठन नगर पालिका निगम के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों के लिए सामूहिक रूप से बैठक कर संघ का गठन किया गया है। जिसमें सर्व सहमति से विभिन्न पदाधिकारियों का नियुक्ति किया गया है। संरक्षण सपन साहू, प्रवक्ता लोकेश श्रीवास, अध्यक्ष प्रवीण झा, उपाध्यक्ष रामशरण रगड़े, उपाध्यक्ष भूषण चौबे, महामंत्री शुभम साहू, सचिव राकेश ठाकुर, सह सचिव कमलेश रामटेके, कोषाध्यक्ष नेतुराम सोनवानी, सह कोषाध्यक्ष गणेश सातर, मिडिया प्रभारी विजेंद्र दास मानिकपुरी, सह मिडिया प्रभारी वरूण सोनी, महिला प्रकोष्ठ श्रीमति शीला सोनवानी, उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमति सुनंदा कवड़े, उपाध्यक्ष श्रीमति प्रीति संडेकर एवं सदस्य आकेश पांडेय, निवेश नेमपांडे, नरेश सारथी, मोहन भारती, गजानंद वैष्णव, रामकिशोर शर्मा, अख्तर अली, कमलेश ठाकुरराम, कुमार रगड़े, अनीश अली, हरीदास मानिकपुरी, मिलन यादव, मोहन यादव, बसंत श्रीवास्तव, सुनील घड़श्याम आदि शामिल है।

# योगासन स्पोर्ट्स जिला स्तरीय प्रतियोगिता 1 जुलाई को

राजनांदगांव (दावा)। जिला राजनांदगांव योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा आगामी 1 जुलाई मंगलवार को स्थानीय गायत्री स्कूल में योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता आयोजित की गई है। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने बताया कि योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता सुबह 9 बजे गायत्री स्कूल में दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया जाएगा। जिसमें राजनांदगांव जिले के लगभग 150 खिलाड़ी बालक, बालिकाएं एवं 50 टैक्निकल टीम के रैफरी व जज भाग लेंगे।



गायत्री विद्यापीठ में दीप प्रज्वलन से होगा शुभारंभ

उन्होंने बताया कि चार विधाओं में आयोजित योगासन के खेल इस ओपन चैम्पियन में होंगें। इसमें से चयनित खिलाड़ी संभाग, राज्य स्तरीय और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग अपनी योग्यता के आधार पर चयनित होकर भाग लेंगे। जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण लोहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ 1 जुलाई मंगलवार सुबह 9 बजे होगा। योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता हेतु जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल से मिल एक निवेदन पत्र दिया गया कि इस महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में जिले के सभी स्कूल के खिलाड़ी भाग लें।

प्रतियोगिता के प्रभारी राकेश ठाकुर ने बताया प्रतियोगिता की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस संबंध में एक बैठक में राकेश ठाकुर, लक्ष्मण लोहिया, शैलेंद्र तिवारी, अम्लेंदु हाजरा, प्रतिक चोपड़ा, शशि जानी एवं हेमंत तिवारी शामिल हुए। योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन ने खेल से जुड़े लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें। प्रतिक चोपड़ा ने जानकारी दी कि रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को इस बार ऑन लाइन किया जा रहा है। उक्त जानकारी प्रतियोगिता के प्रचार-प्रसार प्रभारी अम्लेंदु हाजरा ने दी है।

# वनांचल ग्राम घोटिया में महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उन्हें याद किया गया



डोगरगढ़(दावा)। ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस ने महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस पर उन्हें नमन किया। डोंगरगढ़ ब्लॉक वनांचल ग्राम घोटिया के बुढ़ादेव मंदिर परिसर पर आदिवासी समाज द्वारा महारानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस उनके तैल चित्र की पूजा अर्चना कर उन्हें याद किये और उनके अदम्य साहस और शौर्य पराक्रम और विरोधियों को कड़ी चुनौती दी थी।

इस बात को विस्तार से सरपंच संजय उईके एवं डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने उपस्थित जनों को बताया रानी दुर्गावती अमर रहे के नारे लगे कार्यक्रम के समापन ईश्वर उइके ने की जिसमें उपस्थित थे। डोंगरगढ़ ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सरपंच संजय उईके, ईश्वर उईके, रामप्रसाद, लखनू उईके, सुखराम मंडावी, मोहित, दिनेश मंडावी, डोगेंद्र उईके, इंद्रेश, सूकाल ,खेमचंद निषाद, रामचंद्र, परस यादव, मुरली ,प्रेमलाल, प्रमोद, अशोक ,भुनेश्वर ,गणपत एवं भारी संख्या में आदिवासी समाज और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# महाप्रभु जगन्नाथ के रथयात्रा के स्वागत में उमड़ा जनसैलाब







## जगह-जगह किया स्वागत-सत्कार, लायंस क्लब ने बांटी ट्राफी एवं मिठाईयां

राजनांदगांव (दावा)। शहर में आषाढ़ द्वितीया को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा धूमधाम से निकली गई। शहर में दो-दो स्थानों से भव्य एवं दिव्य रथ में निकाली गई महाप्रभु की रथयात्रा में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। शहर के समाजसेवी जनों व दानशील लोगों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर आकर्षक दिव्य एवं भव्य रथ में विराजित भगवान जगन्नाथ बहन सुभद्रा व बड़े भैया बलभद्र की पूजा-अर्चना कर बड़ी संख्या में शामिल रथ यात्रियों का स्वागत सत्कार किया।

### लायंस क्लब ने किया स्वागत-सत्कार

भगवान जगन्नाथ रथयात्रा के अग्रसेन चौक जलाराम प्लाईवुड के समीप पहुंचने पर लायन्स क्लब द्वारा महाप्रभु की पूजा अर्चना कर रथयात्रियों का स्वागत सत्कार करते हुए मिष्ठान का वितरण किया गया वहीं बच्चों में ट्राफियां बांटी गई। इस दौरान लायंस क्लब की संरक्षिका ला. रत्ना ओस्तवाल, ला. बृजकिशोर सुरजन, ला. गैंदालाल, लायंस क्लब अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष ला. सुरेश शर्मा, ला. मयंक शर्मा आदि उपस्थित थे।

### समाजसेवी महिलाओं की रही खासी उपस्थिति

शहर के गांधी चौक से धूमधाम के साथ निकली भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा में शहर की समाजसेवी महिलाओं की खासी उपस्थिति बनी रही। वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती शारदा तिवारी जहां श्रद्धालुओं में भगवान जगन्नाथ की गजामूंग महाप्रसादी बांटने में निमग्न रही। वहीं जगन्नाथ मंदिर की श्रीमती संध्या शर्मा, समाजसेवी श्रीमती सुषमा सिंह राजपूत, सुश्री प्रभा सिंह, श्रीमती साधना तिवारी, श्रीमती शोभा चोपड़ा, श्रीमती आशा गुप्ता, माया देवी, जनक बाई गुप्ता आदि महिलाएं भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल होकर भगवान महाप्रभु का भजन कीर्तन गान किया। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संस्था-संगठनों की समाजसेवी व धर्मप्रिय महिलाएं उपस्थित रहीं।

### उत्कल घासी समाज द्वारा स्वागत

महाप्रभु जगन्नाथ का भव्य रथयात्रा के मानव मंदिर चौक पहुंचने पर उत्कल घासी उड़िया समाज द्वारा भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना कर समस्त श्रद्धालुओं का मीठा शर्बत व दूध कोल्ड्रिंक पिलाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उत्कल घासी उड़िया समाज के बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। रथयात्रा के दौरान महावीर चौक में फ्लाई ओवर के नीचे किसी श्रद्धालु सज्जन ने आलूपोहा प्रसादी का वितरण किया।

### सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा भव्य स्वागत

बता दें कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा गांधी चौक से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए कामठी लाइन पहुंचने पर श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा सत्यनारायण धर्मशाला के समीप समस्त श्रद्धालुओं को शीतल जल व दूध कोल्ड्रिंक से जोरदार स्वागत किया गया। बताते चलें कि मंदिर समिति द्वारा अनेक वर्षों से रथयात्रा में शामिल भक्तों का शीतल पेयों से स्वागत किया जाता है।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के लिए टोल फ्री नंबर जारी, डिप्टी सीएम शर्मा ने दिए निर्देश



24×7 कार्यरत रहेगा 1800-233-1905

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में आंतरिक सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान हेतु उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर पुलिस विभाग द्वारा टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1800-233-1905 जारी किया गया है, जो 24 घंटे और सप्ताह के सभी दिनों में सक्रिय रहेगा। इस हेल्पलाइन के माध्यम से राज्य का कोई भी नागरिक, अपने क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों अथवा उनकी गतिविधियों के संबंध में सूचना सीधे पुलिस प्रशासन को दे सकता है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, ताकि लोग बिना किसी भय के राष्ट्रहित में सहयोग कर सकें।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि देश की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सुशासन की सरकार राज्य को घुसपैठियों और अवैध गतिविधियों से मुक्त रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जब तक ऐसी ताकतों को जड़ से नहीं उखाड़ा जाएगा, तब तक हमारे नागरिकों की सुरक्षा और शांति खतरे में रहेगी। यह हेल्पलाइन आम जनता को एक सीधा, सुरक्षित और प्रभावी माध्यम प्रदान करती है, जिससे वे देशहित में अपनी भागीदारी निभा सकें। राज्य में अवैध बांग्लादेशी नागरिकों की सूचना पर पूरी ताकत के साथ जांच और पहचान कर रही है।

उपमुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिए हैं कि वे इस हेल्पलाइन पर प्राप्त हर सूचना को गंभीरता से लें, आवश्यक सतर्कता बरतें और जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई करें। साथ ही इस अभियान को लेकर आम नागरिकों में जागरूकता फैलाने हेतु प्रचार-प्रसार के निर्देश भी दिए गए हैं। पुलिस विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि घुसपैठ के मामलों की पुष्टि के लिए प्राप्त सूचनाओं की सत्यता की पूर्ण जांच की जाएगी, ताकि निर्दोष लोगों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने राज्य के सभी नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें अपने आस-पास किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि अथवा पहचान पर संदेह हो तो वे तुरंत टोल फ्री नम्बर 1800-233-1905 पर संपर्क करें। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम छत्तीसगढ़ को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सशक्त बनाए रखें।

# आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टरों का सम्मान




सफल किडनी ट्रांसप्लांट से बढ़ाया प्रदेश का गौरव

राजनांदगांव (दावा)। चिकित्सा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के तीन वरिष्ठ चिकित्सकों को साधना न्यूज के विशेष कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। डॉ. नवीन राम दारुका एवं डॉ. आर.के. साहू को किडनी एवं मूत्र रोगों में उनके उल्लेखनीय कार्य के लिए तथा डॉ. अनुराग चंद्राकर को हड्डी एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के क्षेत्र में श्रेष्ठ सेवाओं के लिए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टरों ने आमजन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया।

डॉ. नवीन राम दारुका ने बताया कि स्वस्थ जीवनशैली, नियमित जांच और जल का संतुलित सेवन कर किडनी व मूत्र रोगों से बचा जा सकता है। वहीं डॉ. आर.के. साहू ने मधुमेह, उच्च रक्तचाप और नशे की आदतों को किडनी की बीमारियों का प्रमुख कारण बताते हुए समय पर जांच और सावधानी की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई–आरोग्यम हॉस्पिटल में हाल ही में दो सफल किडनी ट्रांसप्लांट किए गए हैं। यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। दोनों मरीज अब स्वस्थ जीवन की ओर अग्रसर हैं। हॉस्पिटल की टीम ने सीमित संसाधनों में भी उच्च तकनीक और कुशलता से यह कार्य कर दिखाया है। जिससे मरीजों और उनके परिजनों में नई आशा का संचार हुआ है।

डॉ. अनुराग चंद्राकर को हड्डी एवं जोड़ों की सर्जरी में विशेषज्ञता के लिए सम्मान मिला। उन्होंने कई जटिल ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी को सफलता से अंजाम दिया है। जिससे मरीजों को पुनः चलने-फिरने की स्वतंत्रता मिली है। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि यह सम्मान न केवल चिकित्सकों की मेहनत और समर्पण का प्रतीक है, बल्कि आरोग्यम हॉस्पिटल की गुणवत्तापूर्ण और विश्वसनीय सेवाओं की भी पहचान है। समारोह में शहर के कई वरिष्ठ चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल निरंतर चिकित्सा क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर प्रदेश को स्वास्थ्य सेवा में नई ऊंचाइयों तक पहुंचा रहा है।

# अवैध सितार निर्माण फैक्ट्री में दबिश, दस्तावेज के अभाव में फैक्ट्री सील



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग राजनांदगांव द्वारा लगातार प्रतिबंधित खाद्य सामग्री पर लगातार निगरानी की जा रही है। इसी कड़ी में प्राप्त सूचना के आधार पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बोइरडीह में संचालित अवैध सितार निर्माण फैक्ट्री में जीएसटी विभाग की उपस्थिति में दबिश दी गई। जांच के दौरान बड़ी मात्रा में केसर युक्त सितार पैकेट, सुगंधित सुपारी, पाउच पैकेट, पैकिंग मशीन सहित अन्य सामग्री फर्म में पाया गया। फर्म में उपस्थित सुपरवाइजर से फैक्ट्री संचालन से संबंधित दस्तावेज एवं एफएसएसएआई लायसेंस की मांग की गई। जिस पर वह दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। संदेहास्पद अवस्था में सामग्री के निर्माण एवं भंडारण पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा सुगंधित सुपरी व केसर युक्त सितार पैकेट के नमूने लैब जांच हेतु जप्त किए गए है, साथ ही पैकिंग मशीन, पैकिंग मटेरियल, सुगंधित सुपारी, पैकेट सितार सहित कुल 23 लाख 47 हजार 300 रूपए की सामग्री को फर्म में उपस्थित सुपरवाइजर संतोष साहू की अभिरक्षा में सीज किया गया तथा मजिस्ट्रेट एवं पुलिस की उपस्थिति में निर्माण स्थल को सील कर दिया गया है। प्रारंभिक जांच के दौरान सितार निर्माण में दुर्ग निवासी गुरमुख जुमनानी का नाम सामने आया है। आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।

स्थानांतरण सूचना

काजल इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इलेक्ट्रीकल्स जयस्तंभ चौक से दिल्ली दरवाजा नगर निगम काम्प्लेक्स में स्थानांतरित हो गई है।

ललित-परेश (विक्की) रायचा
मो.- 7000724699

# किसानों के खिलाफ साजिश की बू, सौंपा ज्ञापन

### ग्रामीणों ने आडियो टेप जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की



राजनांदगांव (दावा)। सोमनी-टेड़ेसरा क्षेत्र के ग्रामीण किसान क्षेत्र के नेता अधिकारी व कंपनी मैनेजर के खिलाफ शिकायत लेकर कलेक्टर से मिलने पहुंचे थे। बांध से उद्योगपति को नहीं अपितु ग्रामीण किसानों को पानी देने की मांग करते हुए कहा है कि गांव वालों के विरुद्ध मिलीभगत से षड़यंत्र रचने की गंध आ रही है। अतः वायरल आडियो टेप की जाँच की जाए।

समस्त ग्रामवासी टेड़ेसरा, देवादा, धीरी, कोपेडीह, अंजोरा, इंदावानी, बिरेझर, जिला दुर्ग निवेदन करते है। कि इंदावानी बांध, कोपेडीह जलाशय, राजा तालाब अंजोरा जलाशय की पानी को उद्योग उपयोग के लिए न्यू लुक बायो केमिकल कंपनी फूलझर के द्वारा जबरदस्ती दबंगाई करते हुए पाईप लाईन डालकर पानी लेने के लिए स्थानीय सरपंच, जिला पंचायत को पैसे लेनदेन करने का प्रयास किया गया है जिसमें कंपनी के मैनेजर प्रदीप मिश्रा और मगरलोटा की पूर्व सरपंच कनक दुबे के बातचीत की आडियों वायरल हुआ है। जिसमें ग्राम पंचायत टेड़ेसरा के सरपंच व भाजपा मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू और जिला पंचायत सदस्य व जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अंगेश्वर देशमुख व कोपेडीह के सरपंच चुनेश्वर साहू, सोमनी टीआई सत्यनारायण देवांगन का नाम आ रहा है। जिसमें मैनेजर प्रदीप मिश्रा व मगरलोटा के पूर्व सरपंच के आडियों में कुछ करने के लिए कह रहे है। जनता के लिए बने बांध को उद्योगपतियों को देने की साजिश की बू आ रही है। क्षेत्र के समस्त किसान व ग्रामीणजन शासन से मांग करते है कि उक्त जलाशयों की पानी को उद्योग के लिए न दिया जाये। जिसका कड़ा विरोध करते है, जिससे ग्रामीण व किसानों में असंतोष एवं आक्रोश व्याप्त है। उक्त जलाशय के पानी को सिंचाई के लिए, निस्तारी के लिए, मवेशियों एवं मत्स्य पालन हेतु ग्रामीणजनों द्वारा किया जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह बांध सिंचाई के लिए बनाये गये है। आसपास के गांवों में सिंचाई होती है। किसानों द्वारा प्रतिवर्ष पानी की भरना (टैक्स) का भुगतान किसानों एवं ग्रामीणों द्वारा किया जाता है। यह कि जल संसाधन विभाग द्वारा दिये गये अनुमति को रद्द कर दिये है। पीडब्लूडी विभाग के द्वारा अवैधानिक तरीके से रोड किनारे उद्योग तक पाईप लाईन ले जाने के लिए जो परमिशन दिये गये है, वह अनुचित है जिसका ग्रामीणों द्वारा विरोध किया जा रहा है। उसके बावजूद उद्योगपतियों के द्वारा लगातार रात्रि चोरी छुपे पाईपलाईन बिछाया जा रहा है। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं सोमनी टीआई की मिली भगत है। किसानों व ग्रामीणों के हित को देखते जनप्रतिनिधियों के द्वारा पैसे का लेन-देन हुआ है। यह एक गंभीर मामला है।

उक्त प्रकरण में उद्योगपति एवं जनप्रतिनिधियों पर विधिवत निष्पक्ष जाँच कराकर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करें एवं दोषी जनप्रतिनिधियों का पद मुक्त कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई। इस दौरान पूर्व सरपंच देवलाल साहू, सुदेश टीकम, हीराचंद, साहू, दिनेश कुमार साहू, अमर सिंह, साहू, मनोज साहू, तुलदास साहू, दानी साहू, गोमती साहू, परदेसनीन, बबली देशमुख, रंभा देशमुख, भगवती देशमुख, उमा साहू, उर्वशी देशमुख, रूप कुमार बाई, लता साहू, रामकली, बुधयारिन, अनसूईया, कुंती हेमंत, डामिन, पूर्वानंद, शिवराज, तुकाराम, हीरा लाल, शत्रुघ्न, नरोत्तम दुबे, चंद साहू, छन्नूलाल, शत्रुराम, श्रवण कुमार, देवेंद्र साहू सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# बीईओ कार्यालय के स्थापना दिवस पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया गया सम्मान




राजनांदगांव (दावा)। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव के स्थापना के तहत् सेवानिवृत्त प्रधान पाठक एवं उच्च वर्ग शिक्षकों का सेवानिवृत्ति सम्मान कार्यक्रम विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धनीराम देवांगन एवं लेखापाल राजेश खापर्डे के द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन भगत सिंह ठाकुर (विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक राजनांदगांव) द्वारा किया गया।

उक्त कार्यक्रम में श्रीमती नूरजहां हफीज खान (प्रधान पाठक, पू.मा.शाला गौरीनगर), राजकुमार वासाटे (प्रधान पाठक, प्राथ. शाला टेमरी), थीरन लाल साहू (प्रधान पाठक, प्राथ. शाला कोटराभांठा), रेखराम साहू (प्रधान पाठक, पू.मा.शाला कुम्हालोरी), विजय वैष्णव (प्रधान पाठक, प्राथ. शाला पेण्ड्री), कनक कुमारी रामटेके (उ.व.शि., पू.मा. शाला मोतीपुर), कुलेश्वर सिंह ठाकुर (उ.व.शि., पू.मा.शाला लखोली), श्रीमती नलिनी वानखेडे (उ.व.शि., पू.मा.शाला ब.नवागांव) का समय-सीमा में पेंशन आदयगी आदेश जारी होने के फलस्वरूप शाल, श्रीफल, मोमेंटो, प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार बघेल, आदित्य खरे (सहायक संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी), देवेंद्र चौबे (उपसंचालक, कोष-लेखा एवं पेंशन दुर्ग), हफीज खान (वरिष्ठ पार्षद, नगर निगम राजनांदगांव एवं पूर्व अध्यक्ष अल्प संख्यक आयोग छग शासन) कृतलाल साहू (सहायक कोषालय अधिकारी), ध्रुव कुमार नेताम (कोषालय), सुशांत बेलेकर (कोषालय), श्रीमती भारती आहुजा आर्य (सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी), सुरेश जैन (अध्यक्ष, जिला शिक्षक कांग्रेस संघ), अनिल शर्मा (अध्यक्ष जिला पेंशनर्स संघ), के.डी. साहू (सचिव, जिला पेंशन संघ) एवं समस्त कार्यालयीन स्टॉफ तथा शिक्षकगण उपस्थित थे। श्री बघेल ने उद्बोधन में कार्यक्रम की प्रशंसा किये। भविष्य में जिला स्तर पर वृहद कार्यक्रम करवाये जाने हेतु कार्ययोजना बनाने हेतु निर्देशित किया गया एवं सेवानिवृत्तों के स्वस्थ दीर्घायु एवं उच्च भविष्य की कामना की गई। अंत में आभार प्रदर्शन कार्यक्रम के आयोजक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी धनीराम देवांगन एवं लेखापाल राजेश खापर्डे के द्वारा किया गया। तत्पश्चात सेवानिवृत्तों के सम्मान में सम्मान भोज करवाया गया।

# अमित खडेलवाल लायंस क्लब राजनांदगाव सिटी के बने अध्यक्ष



लायंस क्लब सिटी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

राजनांदगांव (दावा)। जिले के प्रमुख सेवाभाव संगठनों में सुमार लायंस क्लब राजनंदगांव सिटी का गरिमाय समारोह होटल अमोरा रेवाड़ीह में संपन्न हुआ। 26 जून को आयोजित समारोह में अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, सचिव मयंक शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्यों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर मेल्विन जोन्स ने सरस्वती माता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। निखत परवीन द्वारा सरस्वती वंदना एवं छत्तीसगढ़ी राजकीय गीत 'अरपा पैरी के धार' से कार्यक्रम की शुरुआत की गई। उसके पश्चात ध्वज वंदन श्रीमती कंचन चौबे द्वारा पढ़ा गया। कार्यक्रम शुरू होने से पहले नए सदस्यों की जानकारी विशिष्ट अतिथि प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रिपु दमन सिंह पुसरी द्वारा किया गया। इस दौरान टीना शुभम खंडेलवाल, भावेश अग्रवाल, दीपक जैन, डॉ. अमित जायसवाल, अंकित दुआ, नरेंद्र साहू, मुन्ना, मानव देशमुख, श्रीमती रेखा साहू, नितेश पटेल, धीरज सोनी, आशीष शुक्ला, मुकेश शर्मा, नमन नशीने द्वारा शपथ ली गई।शपथ अधिकारी के रूप में डिस्ट्रिक्ट वाइज गवर्नर द्वितीय पवन मलिक द्वारा शपथ दिलाई गई।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीएम जेफ लायन विजय अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, विशिष्ट अतिथि एमजेएफ लायन रिपु दमन सिंह उसरी प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, शपथ अधिकारी लायन पवन मलिक द्वितीय वॉइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, पद्मश्री लायन डॉ. पुखराज बापना पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर, एमजेएफ लायन राजकुमार शर्मा रीजन चेयरपर्सन, लायन शारदा तिवारी जोन चेयरपर्सन 2024-25, लायन राजेश जैन रीजन चेयर पर्सन, लायन ललित भंसाली जोन अध्यक्ष के रूप में शामिल हुए। इस दौरान लायंस क्लब राजनंदगांव सिटी नव नियुक्त अध्यक्ष अमित खंडेलवाल द्वारा शपथ ग्रहण कर स्वीकृति उद्बोधन दिया गया। जिसमें मुख्य रूप से वार्षिक कैलेंडर तैयार किया गया। जिसमें प्रत्येक माह जांच शिविर कैंसर उन्मूलन नेत्र शिविर वृक्षारोपण धूम्रपान निषेध नशा मुक्ति आदि विषयों पर कार्य करने का प्रस्ताव रखा गया।

पद्मश्री लायन डॉ. पुखराज बाफना को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान एंबेसडर ऑफ गुडविल अवार्ड मिलने पर लायन अध्यक्ष अमित खंडेलवाल, लायन सचिव मयंक शर्मा, लायन कोषाध्यक्ष सुरेश शर्मा द्वारा माला एवं साफा पहनाकर स्मृति चिन्ह दिया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का भार मयंक शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक पीएमजेफ लायन ब्रिज किशोर सुर्जन रहे। इस अवसर में मुख्य रूप से लायन संतोष लोहिया, उमेशचंद कोठारी, रीजन सचिव प्रकाश सांखला, रत्ना ओसवाल, रमेश गुप्ता, संजय तेजवानी, संजय रिजवानी, राजा मखीजा, श्याम चरण गुप्ता, माया गुप्ता, अशोक तेजवानी, कमल किशोर साहू, मुकेश चौबे, कंचन चौबे, अनीता जैन, सुदामा मोटलानी, राजेश नगवानी, अनिल डुलानी, नरेश पंजवानी, अशोक पवार, पवन पटेल, राजू डागा, ओमप्रकाश खंडेलवाल, रमेश खंडेलवाल, लोकेश अग्रवाल, अरुण दुआ, किशोर खंडेलवाल, अशोक पांडे, जय खंडेलवाल,चंद्रिका सिन्हा, आदित्य खंडेलवाल, नीमिषा ठक्कर, सुधीर राठी, मोना अग्रवाल, राम जलाराम, दामिनी साहू, शोभा शर्मा, टीना खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, जीतू सिन्हा, चिंटू शर्मा आदि शामिल थे।

श्री जलाराम मंगल भवन...
गुजराती कॉलोनी, कंचन बाग, राजनांदगांव

- सर्व सुविधायुक्त 16 अटैच कमरे
- 3000 फूट का विशाल बैंक्वेट हॉल,
- ओपन लॉन तथा पोर्च की सुविधा
- पार्किंग की समुचित व्यवस्था
- सभी कमरों में गर्म पानी हेतु गीजर
- भवन में लिफ्ट की सुविधा

शुभ विवाह तथा सभी मांगलिग कार्यो हेतु उपलब्ध...
बुकिंग हेतु संपर्क करें...
मो नं. 9300725521, 9300414726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com